(i) In terms of Regulation 25(1), the Acquirers have adequate financial resources and has made firm financial arrangements for the implementation of the Offer in full out of their own sources/ Networth and no borrowings from any Bank and/ or Financial Institutions are envisaged. CA U.D. Kachare Proprietor of U.D. Kachare & Co., Chartered Accountants, (Membership No. 038046, having its office at C-6, Saraswati Apartment, Laxmi Nagar, Carter Road No.3, Borivali (East), Mumbai-400 066, Maharashtra, India Tel. No +91-22-2805 7040/ 2865 1947; Email: udkachare@gmail.com vide certificate dated September 21, 2019 stated that sufficient resources are available with Acquirers for fulfilling the obligations under this Offer in full.

(ii) The maximum consideration payable by the Acquirers to acquire 32,91,725 fully paid-up equity shares at the Offer Price of ₹11/- (Rupees Eleven Only) per equity share, assuming full acceptance of the Offer would be ₹ 3,62,08,975/- (Rupees Three Crores Sixty Two Lakhs Eight Thousand Nine Hundred and Seventy Five Only). In accordance with Regulation 17 of the SEBI (SAST) Regulations, the Acquirers have opened an Escrow Account under the name and style of "AEL- Open Offer Escrow Account" with HDFC Bank Limited, Bank House, Lower Parel, Mumbai-400013 Maharashtra, India ("Escrow Banker") and have deposited of ₹91,00,000/- (Rupees Ninety One Lakhs Only) being more than 25% of the total consideration payable in the Open Offer, assuming full acceptance.

(iii) The Manager to the Offer is authorized to operate the above mentioned Escrow account to the exclusion of all others and has been duly empowered to realize the value of the Escrow Account in terms of the SEBI (SAST) Regulations.

(iv) Based on the aforesaid financial arrangements and on the confirmations received from the Escrow Banker and the Chartered Accountant, the Manager to the Offer is satisfied about the ability of the Acquirers to fulfill its obligation in respect of this Offer in accordance with the SEBI (SAST) Regulations.

(v) In case of upward revision of the Offer Price and/or the Offer Size, the Acquirers shall deposit additional appropriate amount into an Escrow Account to ensure compliance with Regulation 18(5) of the Regulations, prior to effecting such revision.

## VI. STATUTORY AND OTHER APPROVALS

(i) To the best of knowledge and belief of the Acquirers, as of the date of this DPS, there are no other statutory approvals required for this Open Offer. However, if any statutory approvals are required or become applicable at a later date before the completion of this offer, this offer would be subject to the receipt of such other statutory approvals. The Acquires shall make necessary applications for such statutory approvals. In the event of non-receipts of any of such statutory approvals which may become applicable for purchase of Equity shares under this offer, the Acquires shall have the right to withdraw the offer in accordance with the provisions of regulation 23(1) of the Regulation.

(ii) In the event of withdrawal of this offer, for reasons outside the reasonable control of the acquirers, a public Announcement will be made within two (2) working days of such withdrawal, in the same newspapers in which this DPS has been published and copy of such Public Announcement will also be sent to SEBI, Stock Exchange and to the Target Company at its Registered Office.

(iii) In case of delay in receipt of any statutory approval, SEBI may, if satisfied that delay in receipt of the requisite approvals was not due to any willful default or neglect of the Acquirers or failure of the Acquirers to diligently pursue the application for the approval, grant extension of time for the purpose, subject to the Acquirers agreeing to pay interest to the shareholders as directed by SEBI, in terms of Regulation 18(11) of SEBI (SAST) Regulations. Further, if delay occurs on account of willful default by the Acquirers in obtaining the requisite approvals, Regulation 17(9) of the SEBI (SAST) Regulations will also become applicable and the amount lying in the Escrow Account shall become liable to forfeiture.

(iv) NRI and OCB holders of Equity Shares, if any, must obtain all requisite approvals required to tender the Equity Shares held by them in this offer (including, without limitation, since the Equity Shares validly tendered in this offer will be acquired by a resident individuals), and submit such approval along with the Forms of Acceptance-cum-Acknowledgement and other documents required to accepts this offer. Further, if holders of the Equity Shares who are not person resident in India (including NRIs, OCBs, FIIs, FPIs) and had required any approvals in respect of the equity Shares held by them, they will be required to submit copies of such previous approvals, along with the other documents required to be tendered to accepts this offer. If such approval are not submitted, the Acquires reserves the right to reject such Equity Shares tendered pursuant to this offer.

## VII. TENTATIVE SCHEDULE OF ACTIVITY:

| Activities | Date | Day |
|---|---|---|
| Date of the PA | October 01, 2019 | Tuesday |
| Publication of Detailed Public Statement in newspapers | October 10, 2019 | Thursday |
| Last date of filing of the Draft Letter of Offer with the SEBI | October 17, 2019 | Thursday |
| Last date of a Competing Offer | November 01, 2019 | Friday |
| Identified Date* | November 13, 2019 | Wednesday |
| Date by which the Letter of Offer will be dispatched to the shareholders | November 20, 2019 | Wednesday |
| Last date for revising the Offer Price / Offer Size | November 26, 2019 | Tuesday |
| Last date by which Board of the Target shall give its recommendation | November 25, 2019 | Monday |
| Advertisement of Schedule of Activities for Open Offer, status of statutory and other approvals in newspapers and sending the same to SEBI, Stock Exchanges and Target Company | November 26, 2019 | Tuesday |
| Date of commencement of tendering period (Open Date) | November 27, 2019 | Wednesday |
| Date of closing of tendering period (Close Date) | December 10, 2019 | Tuesday |
| Date by which all requirement including payment of consideration would be completed | December 24, 2019 | Tuesday |

*Note: Schedule of Activity may be changed on the basis of SEBI approval.*

**Identified Date is only for the purpose of determining the names of the shareholders as on such date to whom the Letter of Offer would be sent. All owners (registered or unregistered) of equity shares of the Target Company (except the Acquirer and Sellers) are eligible to participate in the Offer any time before the Closure of the Offer.*

## VIII. PROCEDURE FOR TENDERING THE SHARES IN CASE OF NON RECEIPT OF LETTER OF OFFER

(i) All owners of Equity Shares holding Equity Shares in dematerialized form are eligible to participate in the Offer any time before closure of the tendering period.

(ii) Persons who have acquired the Equity Shares of the Target Company but whose names do not appear in the register of members of the Target Company on the Identified Date or unregistered owners or those who have acquired the Equity Shares of the Target Company after the Identified Date or those who have not received the Letter of Offer, may also participate in this Offer.

(iii) The Open Offer will be implemented by the Acquirers through Stock Exchange Mechanism as provided under the SEBI (SAST) Regulations and the SEBI circular CIR/CFD/POLICY/CELL/1/2015 dated April 13, 2015 issued by SEBI and as amended via SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016 and BSE notice no. 20170202-34 dated February 2, 2017 in each case as amended from time to time.

(iv) BSE Limited ("BSE") shall be the Designated Stock Exchange for the purpose of tendering Offer Shares in the Open Offer.

(v) The Acquirers have appointed Shreni Shares Private Limited as "Buying Broker" for the Open Offer through whom the purchase and settlement of the Offer Shares tendered in the Open Offer shall be made. The contact details of the Buying Broker are as mentioned below:

| | |
|---|---|
| **Name of Buying Broker** | Shreni Shares Private Limited |
| **Address** | A-102, Sea Lord CHS, Above Axis Bank, Ram Nagar, Borivali (West), Mumbai-400 092, Maharashtra, India. |
| **Tel No** | 022 28088456 |
| **Email id** | shrenishares@gmail.com |
| **Contact Person** | Parth Shah |

(vi) All public shareholders who desire to tender their equity shares under the Open Offer would have to intimate their respective stock brokers ("Selling Brokers") within the normal trading hours of the secondary market, during the tendering period.

(vii) The detailed process of Stock Exchange will be provided in the Letter of Offer which shall be mailed to the Public Shareholder of the Target Company.

## IX. THE DETAILED PROCEDURE FOR TENDERING THE EQUITY SHARES IN THE OPEN OFFER WILL BE AVAILABLE IN THE LETTER OF OFFER THAT WOULD BE MAILED TO THE SHAREHOLDERS OF THE TARGET COMPANYAS ON THE IDENTIFIED DATE.

## X. OTHER INFORMATION:

(i) The Acquirers along with its Directors, accept full responsibility for the information contained in the Public Announcement/ Detailed Public Statement and also for the obligations of the Acquirers as laid down in the SEBI (SAST) Regulations, 2011and subsequent amendments made thereof.

(ii) The Acquirers have appointed Purva Sharegistry (India) Pvt. Ltd, as the Registrar to the Offer. The contact details are as mentioned below:

| | |
|---|---|
| **Name of Registrar to the Offer** | Purva Sharegistry (India) Pvt. Ltd |
| **Address** | Unit no. 9, Shiv Shakti Ind. Estt., J .R. Boricha Marg, Opp. Lodha Excelus, Lower Parel (E), Mumbai-400011,Maharashtra, India. |
| **Tel No** | +91-22-2301 8261 / 2301 2518 |
| **Email id** | support@purvashare.com |
| **Contact Person** | Deepali Dhuri |

(iii) This Detailed Public Statement will also be available on SEBI's website at www.sebi.gov.in.

**ISSUED BY THE MANAGER TO THE OFFER ON BEHALF OF THE ACQUIRERS**

CAPITALSQUARE Teaming together to create value

**MANAGER TO THE OFFER:**
**CAPITALSQUARE ADVISORS PRIVATE LIMITED**
208, 2nd Floor, AARPEE Center, MIDC Road No 11, CTS 70, Andheri (E), Mumbai 400093, Maharashtra, India. **Tel:** +91-22-66849999 **Fax:** +91-22-66849998
**Website:** www.capitalsquare.in **Email Id:** tanmoy.banerjee@capitalsquare.in
**Contact Person:** Mr. Tanmoy Banerjee **SEBI Registration No**: INM000012219

**For and on behalf of the Acquirers:**

**Sd/-** **Sd/-**

**Mr. Ketan Harilal Mehta** **Mrs. Chhaya Ketan Mehta**

**Place: Mumbai**

**Date: October 09, 2019**

Sunjeet Comm.

जनसत्ता



# संकट में संस्था

मंदी का असर सिर्फ देशों की अर्थव्यवस्था पर ही नहीं दिख रहा, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा और ताकतवर माने जाने वाला वैश्विक निकाय संयुक्त राष्ट्र भी घोर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब इस वैश्विक संस्था ने पैसे की कमी की बात कही हो। कई साल से ऐसा हो रहा है जब साल के आखिर में इसके बजट पास होने की बात आती है तो हमेशा कटौती पर जोर दिया जाता है। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र ने अपने सालाना बजट में साढ़े अट्ठाईस करोड़ डालर से ज्यादा की कटौती थी। संयुक्त राष्ट्र कोई कमाऊ संस्था नहीं है। उसका खर्चा सदस्य देशों के योगदान से ही चलता है। लेकिन लंबे समय से समस्या यह बनी हुई है कि सदस्य देश अपने हिस्से का योगदान नहीं दे रहे हैं। जो देश दे रहे हैं वे भी कटौती कर रहे हैं। ऐसे में संस्था के पास पैसे की आवक घट रही है और संकट बढ़ता जा रहा है। सवाल यह उठता है कि यह विश्व संस्था अपने को कैसे बचा पाएगी। अगर पैसा नहीं होगा तो धीरे-धीरे कामकाज ठप होते जाएंगे और यह निष्प्रभावी होती चली आएगी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने हाल में संस्था की माली हालत पर जिस तरह से चिंता व्यक्त की है और सदस्य देशों को चेताया है, वह गंभीर स्थिति का संकेत है। अब हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए पैसे के लाले पड़ रहे हैं। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सचिवालय में काम करने वाले सैंतीस हजार कर्मचारियों को इस बारे में बता दिया है कि अब वेतन और भत्तों में कटौती होगी। अबकी बार यह नौबत इसलिए आई है कि इस साल के जरूरी बजट का जो पैसा सदस्य देशों से आना था, उसका अभी तक सत्तर फीसद ही आया है। पिछले महीने संगठन को तेईस करोड़ डॉलर की नगदी का संकट झेलना पड़ा। ऐसी ही हालत इसी महीने भी बनी रहेगी। सवाल है ऐसे में किया क्या जाए? सिर्फ वेतन और भत्तों में कटौती से काम नहीं चलने वाला है। इसीलिए महासचिव ने खर्च में कमी के लिए दूसरे उपायों की भी बात कही है। जैसे सम्मेलनों और बैठकों को टाला जाएगा, इनमें कमी की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की विदेश यात्राओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा। कुल मिला कर संस्था के कामकाज पर असर पड़ना तय है।

आज बदलते विश्व में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो गई है। शांति मिशनों से लेकर क्षेत्रीय विवादों के समाधान तक में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। छोटे से छोटा देश तक अपने विवादों के समाधान की उम्मीद लिए संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा इसलिए खटखटाता है कि उसे पता है कि इस संस्था का बुनियादी मकसद ही विश्व शांति के लिए काम करना है। दुनिया के देशों में कानूनी विवाद सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय है, तो यूनिसेफ जैसी संस्था की अपनी बड़ी भूमिका है। ऐसे में अगर इन संस्थाओं के बजट में कटौती होती है तो इसका नुकसान बड़े देशों के बजाय छोटे मुल्कों को ज्यादा होगा। संयुक्त राष्ट्र के ज्यादातर शांति मिशन तीसरी दुनिया के देशों में या फिर पश्चिम एशिया के युद्धग्रस्त क्षेत्रों में चल रहे हैं। ऐसे में खर्च में कटौती का खमियाजा उन देशों के नागरिकों को ही उठाना पड़ेगा। अगर संयुक्त राष्ट्र को बचाए रखना है तो सदस्य देशों को अपने निहित स्वार्थों से ऊपर उठना होगा और योगदान के मसले पर राजनीति बंद करनी होगी।

# आतंक के खिलाफ

अफगानिस्तान में अमेरिकी सुरक्षा बलों के साथ लंबे समय से जारी अभियान में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई कसर नहीं छोड़ी गई, लेकिन सच यह है कि आज भी वहां तालिबान को इतना कमजोर नहीं किया जा सका है कि आश्वस्त हुआ जा सके। हालांकि बड़े कद के आतंकवादियों के मारे जाने की खबरें आने के बाद आतंकी समूहों के प्रभाव में थोड़ी कमी जरूर देखी जाती है। इस लिहाज से देखें तो वहां एक संयुक्त अभियान में अल कायदा के एक बड़े सरगना आसिम उमर को मार गिराए जाने को बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जाएगा। दरअसल, पिछले महीने की तेईस तारीख को हेलमंद प्रांत के मूसा कला में अमेरिकी सुरक्षा बलों ने तालिबान के परिसर पर छापा मारा था। उसी अभियान के दौरान उमर मारा गया। वह अफगानिस्तान में भारतीय उपमहाद्वीप का प्रमुख था। यों अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय का कहना है कि वह पाकिस्तानी नागरिक था, लेकिन ऐसे दावे भी सामने आए हैं कि वह भारत में पैदा हुआ है। पर इतना तय है कि उसकी उपयोगिता को देखते हुए ही उसे इस समूचे इलाके का प्रमुख का दायित्व सौंपा गया होगा और निश्चित रूप से भारत में हुईं आतंकी हमलों में भी उसकी बड़ी भूमिका रही होगी।

करीब महीने भर पहले अमेरिकी खुफिया स्रोतों यह जानकारी सामने आई थी कि अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में अमेरिका के एक आतंकरोधी कार्रवाई के दौरान अल कायदा के सरगना रह चुके उसामा बिन लादेन के बेटे हमजा बिन लादेन की मौत हो गई। इसके साथ ही यह भी माना गया कि अब तालिबान का वह दौर खत्म हुआ, जिसमें वह खुद को सांकेतिक रूप से उसामा बिन लादेन के साथ जुड़ा हुआ मानता था। हमजा बिन लादेन के बाद अब आसिम उमर के मारे जाने की खबर के बाद न केवल तालिबान का बचा हुआ नेतृत्व कमजोर होगा, बल्कि उसकी गतिविधियों पर भी इसका असर पड़ेगा। लेकिन यह मान कर निश्चिंत हो जाना शायद तालिबान को फिर से तैयार होने का मौका मुहैया कराने की तरह होगा। इसलिए आतंक विरोधी कार्रवाई में एक निरंतरता की जरूरत होगी। सही है कि उसामा बिन लादेन को मार कर अमेरिका ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की थी। तब माना गया था कि अब इस समूचे उपमहाद्वीप पर तालिबान का वर्चस्व और असर खत्म हो जाएगा और इसका समूची दुनिया पर असर पड़ेगा। लेकिन हकीकत यह है कि अब भी वहां तालिबान के कई ऐसे बड़े कद के आतंकी मौजूद हैं, जो उसकी कमान संभाल रहे हैं और अफगानिस्तान और वहां से इतर आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं।

यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनावों के पहले तालिबान ने अफगानिस्तान में किस पैमाने का आतंक मचाया। अमूमन हर रोज दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबरें आती रहीं। इससे यही जाहिर होता है कि तालिबान या दूसरे आतंकवादी समूहों से लड़ाई के नाम पर अफगास्तिान में अमेरिकी सुरक्षा बलों के लंबे अभियान के बावजूद वहां आतंकवाद की जड़ों को बहुत कमजोर नहीं किया जा सका है। हाल में अफगानिस्तान में राष्ट्रपति चुनावों के दौरान जितनी कम संख्या में लोग बाहर निकले, उससे साफ था कि आज भी वहां तालिबान का खौफ किस कदर हावी है। दरअसल, तालिबान ने इस बार फिर चुनावों का बहिष्कार करने की घोषणा की थी और लोगों को वोट न देने की हिदायत दी थी। सवाल है कि अफगानिस्तान में 'सब कुछ ठीक कर देने' के दावे के साथ अमेरिका और दूसरे देशों की ओर से सालों से चल रहा बहुस्तरीय अभियान आज भी वहां के आम लोगों के बीच सुरक्षा का भाव नहीं भर सका है तो इसमें किसकी जिम्मेदारी बनती है?

## कल्पमेधा

भलाई जितनी अधिक की जाती है,
उतनी ही अधिक फैलती है।
- मिल्टन


# बचाना होगा हिमखंडों को

प्रमोद भार्गव

**बढ़ते तापमान को रोकना आसान काम नहीं है, बावजूद इसके हम अपने हिमखंडों को टूटने और पिघलने से बचाने के उपाय औद्योगिक गतिविधियों को विराम देकर कर सकते हैं। पर्यटन के रूप में मानव समुदाय की जो आवाजाही बढ़ रही है, उस पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। इसके अलावा वाकई हम अपनी बर्फीली शिलाओं को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमारी ज्ञान परंपरा में हिमखंडों की सुरक्षा के जो उपाय उपलब्ध हैं, उन्हें भी महत्त्व देना होगा।**

दक्षिणी ध्रुव के बर्फीले अंटार्कटिका में हजारों साल से बर्फ के विशाल हिमखंड के रूप में मौजूद हिमखंड का एक भाग पिछले दिनों टूट गया। हिमखंड का टूटा हिस्सा इतना विशालकाय था कि इस पर दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद को बसाया जा सकता है। वैज्ञानिक इसके टूटने की भविष्यवाणी पहले ही कर चुके थे। हालांकि हिमखंडों का टूटना कोई नई बात नहीं है। इनके टूटने और बनने का क्रम चलता रहता है। लेकिन पचास साल बाद किसी हिमखंड का इतना बड़ा हिस्सा पहली बार टूटा है। इसलिए इसे जलवायु परिवर्तन की चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। यह भी इत्तेफाक है कि यह हिमखंड उस समय टूटा, जब संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण सम्मेलन कुछ दिन पहले ही संपन्न हुआ है। इसी सम्मेलन में स्वीडिश किशोरी ग्रेटा थुनबर्ग ने अपने पंद्रह साथियों के साथ पृथ्वी के बढ़ते तापमान को लेकर तीखा गुस्सा जताया था।

ऐसा माना जाता रहा है कि किसी भारी हिमखंड के टूटने की घटना के बाद ही धर्मग्रंथों में दर्ज महाप्रलय की घटना घटी थी। इस घटना को ज्यादातर लोग काल्पनिक मानते हैं, क्योंकि हमारे पास इसके चित्र या अन्य प्रमाण नहीं हैं। परंतु अब जो हिमखंड टूटा है, उसकी उपग्रह से ली गई तस्वीरें और वीडियो भी बना लिए गए हैं। टाइटैनिक जहाज भी ऐसे ही हिमखंड के टुकड़े से टकरा कर नष्ट हो गया था। ये घटनाएं चिंता का सबब बन रही हैं, जिन्हें प्रलय की चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। भारत पहले से ही हिमालय के हिमखंडों के टूटने की घटनाओं से दो-चार हो रहा है। कुछ समय पहले ही गोमुख के विशाल हिमखंड का एक हिस्सा टूट कर भागीरथी यानी गंगा नदी के उद्गम स्थल पर गिरा था। इन टुकड़ों को गोमुख से अठारह किलोमीटर दूर भागीरथी के तेज प्रवाह में बहते देखा गया। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के वनाधिकारी ने इस हिमखंड के टुकड़ों के चित्रों से इसके टूटने की पुष्टि की थी। ग्लेशियर वैज्ञानिक इन घटना की पृष्ठभूमि में कम बर्फबारी होना बता रहे हैं। इस कम बर्फबारी की वजह धरती का बढ़ता तापमान बताया जा रहा है। इससे हिमखंडों में दरारें पड़ गई थीं और इनमें बरसाती पानी भर जाने से हिमखंड टूटने लग गए। अभी गोमुख हिमखंड का बायीं तरफ का एक हिस्सा टूटा है। उत्तराखंड के जंगलों में हर साल लगने वाली आग ने भी हिमखंडों को कमजोर करने का काम किया है। आग और धुएं से बर्फीली शिलाओं के ऊपर जमी कच्ची बर्फ तेजी से पिघलती चली गई। इस कारण दरारें भर नहीं पाईं। अब वैज्ञानिक यह आशंका भी जता रहे हैं कि धुएं से बना कार्बन यदि शिलाओं पर जमा रहा तो भविष्य में नई बर्फ जमना मुश्किल होगी। यदि कालांतर में धरती पर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही और ग्लेशियर टूटते रहे तो इनका असर समुद्र का जलस्तर बढ़ने और नदियों के अस्तित्व पर पड़ना तय है। गरमाती पृथ्वी की वजह से हिमखंडों के टूटने का सिलसिला जारी रहा तो समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे कई छोटे द्वीप और तटीय शहर डूब जाएंगे। हालांकि वैज्ञानिक अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि इन घटनाओं को प्राकृतिक माना जाए या जलवायु संकट का परिणाम माना जाए।



कुछ समय पहले आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में बताया था कि बढ़ते तापमान से बढ़े समुद्र के जलस्तर ने प्रशांत महासागर के पांच द्वीपों को जलमग्न कर दिया है। इन द्वीपों पर मानव बस्तियां नहीं थीं। दुनिया के नक्शे से गायब हुए ये द्वीप थे- केल, रेपिता, कालातिना, झोलिम और रेहना। पापुआ न्यू गिनी के पूर्व में यह सालोमन द्वीप समूह का हिस्सा थे। पिछले दो दशकों में इस क्षेत्र में समुद्र के जलस्तर में सालाना दस मिली की दर से बढ़ोत्तरी हो रही है। ग्रीनलैंड के पिघलते ग्लेशियर समुद्री जलस्तर को कुछ सालों के भीतर ही आधा मीटर तक बढ़ा सकते हैं।

शताब्दियों से प्राकृतिक रूप में हिमखंड पिघल कर नदियों की अविरल जलधारा बनते रहे हैं। लेकिन भूमंडलीकरण के बाद प्राकृतिक संपदा के दोहन पर आधारित जो औद्योगिक विकास हुआ है, उससे उत्सर्जित कार्बन ने इनके पिघलने की तीव्रता को बढ़ा दिया है। एक शताब्दी पूर्व भी हिमखंड पिघलते थे, लेकिन बर्फ गिरने के बाद इनका दायरा निरंतर बढ़ता रहता था। इसीलिए गंगा और यमुना जैसी नदियों का प्रवाह बना रहा। किंतु 1950 के दशक से ही इनका दायरा तीन से चार मीटर प्रति वर्ष घटना शुरू हो गया था। गंगोत्री के हिमखंड अब हर साल तेजी से पिघल रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति उत्तराखंड के पांच अन्य हिमखंडों- सतोपंथ, मिलाम, नीति, नंदादेवी और चोराबाड़ी की है। भारतीय हिमालय में कुल 9975 हिमखंड हैं। इनमें नौ सौ उत्तराखंड के क्षेत्र में आते हैं। इन हिमखंडों से ही ज्यादातर नदियां निकली हैं, जो देश की चालीस प्रतिशत आबादी को पेय, सिंचाई और आजीविका के अनेक संसाधन उपलब्ध कराती हैं। लेकिन हिमखंडों के पिघलने और टूटने का यही सिलसिला बना रहा तो देश के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह इन नदियों से जीवन-यापन कर रही पचास करोड़ आबादी को रोजगार और आजीविका के वैकल्पिक संसाधन दे सके।

बढ़ते तापमान के कारण अंटार्कटिका का हिमखंड टूटा तो अब है, लेकिन इसके पिघलने और बर्फ के कम होने की खबरें निरंतर आ रही थीं। यूएस नेशनल एंड आइस डाटा सेंटर ने उपग्रह के जरिए जो चित्र हासिल किए हैं, उनसे ज्ञात हुआ है कि एक जून 2016 तक यहां एक करोड़ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बर्फ थी, जबकि 2015 में यहां औसतन एक करोड़ सत्ताईस लाख वर्ग किमी क्षेत्र में बर्फ थी। सोलह लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जो समुद्री बर्फ कम हुई है, यह क्षेत्रफल ब्रिटेन को छह बार जोड़ने के बाद बनने वाले क्षेत्रफल के बराबर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास के इलाकों को आर्कटिक कहा जाता है। इस क्षेत्र में आर्कटिक महासागर, कनाडा का कुछ हिस्सा, डेनमार्क का ग्रीनलैंड, रूस का एक हिस्सा, संयुक्त राज्य अमेरिका का अलास्का, आइसलैंड, नार्वे, स्वीडन और फिनलैंड शामिल हैं। भारत से यह इलाका 9863 किलोमीटर दूर है। रूस के उत्तरी तटीय इलाकों में समुद्री बर्फ लुप्त हो रही है। इस क्षेत्र में समुद्री गर्मी निरंतर बढ़ने से अनुमान लगाया जा रहा है कि कुछ सालों में यह बर्फ भी पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

बढ़ते तापमान को रोकना आसान काम नहीं है, बावजूद इसके हम अपने हिमखंडों को टूटने और पिघलने से बचाने के उपाय औद्योगिक गतिविधियों को विराम देकर कर सकते हैं। पर्यटन के रूप में मानव समुदाय की जो आवाजाही बढ़ रही है, उस पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। इसके अलावा वाकई हम अपनी बर्फीली शिलाओं को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमारी ज्ञान परंपरा में हिमखंडों की सुरक्षा के जो उपाय उपलब्ध हैं, उन्हें भी महत्त्व देना होगा। हिमालय के शिखरों पर रहने वाले लोग आजादी के दो दशक बाद तक बरसात के समय छोटी-छोटी क्यारियां बना कर पानी रोक देते थे। तापमान शून्य से नीचे जाने पर यह पानी जम कर बर्फ बन जाता था। इसके बाद इस पानी के ऊपर नमक डाल कर जैविक कचरे से इसे ढक देते थे। इस प्रयोग से लंबे समय तक यह बर्फ जमी रहती थी और गर्मियों में इसी बर्फ से पेयजल की आपूती की होती थी। इस तकनीक को हम 'वाटर हार्वेस्टिंग' की तरह 'स्नो हार्वेस्टिंग' भी कह सकते हैं। हालांकि पृथ्वी के ध्रुवों में समुद्र के खारे पानी को बर्फ में बदलने की क्षमता प्राकृतिक रूप से होती है। बहरहाल, हिमखंडों के टूटने की घटनाओं को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# कसौटी पर इंसानियत

आशा सागर

## दुनिया मेरे आगे

जो लोग अस्सी के दशक में पैदा हुए वे जानते समझते हैं कि कैसे एक छोटे-से काल में हमारी पूरी संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था, मान्यताओं और चिर-परिचित वातावरण ने करवट बदल ली। जब हम अपनी बचपन की स्मृतियों में लौट कर जाते हैं तो वहां बहुत कुछ पाते हैं याद करने को। उन दिनों बीता हुआ हर दिन नया-सा था, अपने में बहुत कुछ संजोए हुए। उसमें खेल थे, रंग थे, रंगोली थी, पेड़ थे, पेड़ों की छांव थी। इमली, जंगल जलेबी, गूलर जैसे न जाने कितने फलदार पेड़-पौधे अब आधुनिकता की बलि चढ़ गए हैं। इन पेड़ों के साथ थी इनके फलों के तोड़े जाने की बहुत सारी कहानियां। या फिर कहानियां दादी और नानी की जो हर रात हमें सोने से पहले सुनने को मिलती थीं। तब बहुत सारे दोस्त होते थे, सचमुच वाले दोस्त, फेसबुक जैसे नहीं। वे हमें रोज मिलते थे। हम बहुत सारी बातें करते थे आमने-सामने बैठ कर, घंटों। तब हमें धूप नहीं चुभती थी और न ही बारिश में छाता लेकर जाने की आदत थी। 'सनस्क्रीन' जैसी किसी चीज के बारे में हम जानते तक नहीं थे। अपने पड़ोस के सब लोगों को जानते थे और वे सब हमें।

आज इतने सालों बाद जब हम अपने आसपास देखते हैं तो पाते हैं कि हर पल बीतता जीवन हर रोज लगभग एक जैसा ही हो गया है। नौकरी में आने से पहले नौकरी को लेकर एक अलग तरह की अवधारणा मन में होती है। नौकरी एक तमगा लगती है जो हमारे ज्ञान और हमारी क्षमता को जैसे 'प्रमाण-पत्र' देती है। वह हमें एक नया आयाम लगती है, जिससे हम अपनी क्षमताओं को एक नया रूप, नया आकार और नई ऊंचाई दे सकते हैं। मगर आज नौकरी के कोई आठ साल बीत जाने पर मैं यह कह सकती हूं कि वह कोई तमगा नहीं है, कोई उपलब्धि भी नहीं है। ये जीविकोपार्जन और हमारे द्वारा किए जाने वाले कुछ निश्चित क्रियाकलापों का लेखा-जोखा भर है।

इस नौकरी को और नीरस करता है वहां का वातावरण। इस वातावरण में ही जैसे कुछ अलग और अप्राकृतिक है जो वहां काम करने वालों को थोड़ा कम मानवीय बनाता है। वहां एक अलग तरह का दबाव-सा है- अदृश्य-सा, एक डर है- हमेशा पुकारे जाने का। शायद पुकारे जाने का भी नहीं, बल्कि उसके बाद कहे या सुने जाने वाले शब्दों का! शायद शब्दों का भी नहीं, बल्कि उन शब्दों को कहे जाने के लहजे का! क्या कोई भी काम, कोई भी लक्ष्य इतना जरूरी हो सकता है कि उसे करते हुए मानवीय संवेदनाओं की उपेक्षा को उचित ठहराया जा सके?

लोक प्रशासन का अध्ययन करते हुए हम अनेक सिद्धांत पढ़ते हैं जो उत्साह, सकारात्मकता, उत्पादन और कार्यक्षमता को बढ़ाने, संगठन को चलाने के न जाने कितने नियम हमें बताती है। इन सिद्धांतों को समय-समय पर कार्यशाला या सेमिनार के नाम पर हमारे आपके सामने परोसा जाता है, जहां बड़े-बड़े संवाद होते हैं, मीमांसा की जाती है, नए ढांचे बनते हैं और शुरू होती है एक नई कवायद। पर ध्यान देने वाली बात ये है कि ढांचा बदलने से नींव नहीं बदलती और न ही नींव में पड़ी दरार। काम करने वाले लोग वही रहते हैं।

लोग केवल हाड़-मांस का ढांचा भर नहीं हैं जो सिर्फ काली-पीली किताबों से मिले अपने ज्ञान के साथ किसी दफ्तर द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस धरती पर आए हैं। उसे पूरा करने से आगे भी एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी हमारे ऊपर है- मानव बने रहने की जिम्मेदारी। ऊपर लोक प्रशासन के जिन सिद्धांतों की मैंने चर्चा की, उन सभी में यह अध्याय नहीं लिखा गया। काम करने की जगह सिर्फ कुछ जरूरी कहे जाने वाले कामों को पूरा करने के लिए नहीं होनी चाहिए और न ही ये केवल जीविकोपार्जन के लिए होनी चाहिए। यह एक ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां हर व्यक्ति कल के मुकाबले आज ज्यादा भरा हुआ हो। भरा हुआ होना एक भारी और महत्त्वपूर्ण शब्द है। काम करने की जगह ऐसी हो, जहां उसकी क्षमताओं में वृद्धि हो; जो उसे एक खुले मैदान जैसी लगे, न कि चारदिवारी की कैद जैसी। वहां आत्मसम्मान मिले जहां जाकर वह खुश हो। जहां जाकर उसे लगे कि वह अपने सीखे हुए का सार्थक इस्तेमाल कर सकता है और उसके किए कामों को सिर्फ उसकी जिम्मेदारी मान कर अनदेखा नहीं कर दिया जाएगा, बल्कि उसे उसका श्रेय भी मिलेगा।

दरअसल, हम इस पूरी व्यवस्था में कहीं उत्पीड़ित हैं तो कहीं उत्पीड़क भी। तो अगली बार अपने सहयोगियों और सहकर्मियों से मिलते हुए सबसे पहले मुस्कुराना और उनका हालचाल पूछना मत भूलिएगा। हम सबकी यह कोशिश शायद इस दुनिया को रहने लायक एक बेहतर जगह बना सके। हम मनुष्य एक लंबी यात्रा पर हैं जिसमें मशाल एक से दूसरे को देने पर ही हम आगे बढ़ सकते हैं।

## गहराता संकट

पश्चिम एशिया के देश सीरिया और गहरे संकट में फंस सकता है। अमेरिका ने एलान कर दिया है कि वह सीरिया से दो हजार अमेरिकी सैनिकों निकालेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी नहीं करा पाए तो उन्होंने अपने मतदाताओं को रिझाने के लिए सीरिया से सैनिकों की वापसी का एलान कर डाला। जबकि उनके दल के ही सांसद ऐसा करने से मना कर रहे हैं, क्योंकि ऐसा होने पर कुर्द लड़ाकाओं के लिए मुश्किल खड़ी हो जाएगी। इस्लामिक स्टेट से यही सगंठन अमेरिका के साथ मिल कर लड़ता रहा है। अमेरिका के हटते ही तुर्की की सेना इन पर हमला कर देगी, क्योंकि कुर्दों को तुर्की अपना दुश्मन मानता है। उधर, ईरान और रूस जो सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद को समर्थन दे रहे हैं, वे भी कुर्दिश लड़ाकुओं पर हमला कर देगें। इस तरह सीरियाई तानाशाह को और लंबे समय तक शासन करने का मौका मिल जाएगा। इस्लामिक स्टेट जैसे आंतकी गुट पहले से ज्यादा सक्रिय हो जाएंगे। ट्रंप का यह निर्णय सीरिया को और ज्यादा संकट में डालने वाला साबित होगा।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, बिहार*

## अब कार्रवाई हो

भारत को लंबे इंतजार के बाद स्विट्जरलैंड सरकार से स्विस बैंक में खाता रखने वाले भारतीय खाताधारकों का ब्योरा मिला है। लेकिन यह कवायद देश के लिए तभी सार्थक हो पाएगी, जब स्विस बैंक में कालाधन जमा करवाने वाले भारतीय सफेदपोश लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी। दशकों से आम सुनने में आता रहा है कि भारत के बड़े-बड़े चेहरों ने अपना पैसा स्विस बैंक में जमा करवाया हुआ है, लेकिन अब हकीकत सामने आ गई है। केंद्र सरकार को चाहिए कि यदि कानूनी तौर पर संभव हो तो स्विस बैंक में पैसा रखने वाले भारतीय लोगों के नाम और उनके खाते में जमा राशि को सार्वजनिक करे और इस पैसे को देश में वापस लाकर गरीब लोगों की भलाई व विकास पर खर्च करे।

● *राजीव शर्मा, कोटकपूरा, पंजाब*

## संतुलन जरूरी

पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन कायम करने की जरूरत है। इस जरूरत की पूर्ति तभी होगी, जब बीच का रास्ता तलाशा जाएगा। पहले तो यह देखा जाए कि कम से कम पेड़ काटने पड़ें, फिर यह सुनिश्चित किया जाए कि जितने पड़े काटे जाएं, उससे कहीं अधिक न केवल लगाएं जाएं, बल्कि उनकी देखभाल भी की जाए। अगर यह जिद पकड़ी जाएगी कि चार पेड़ भी न कटने पाएं, भले ही विकास के काम न हों तो इससे बात नहीं बनेगी। यह ठीक नहीं कि विकास की कई योजनाएं पर्यावरण संबंधी सवालों से दो-चार होने के कारण अटकी पड़ी हुई हैं। इनमें से कुछ की तो लागत भी बढ़ गई है। निश्चित रूप से विकास की चिंता करते समय पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी, लेकिन केवल तभी नहीं जब किसी योजना-परियोजना की राह में कुछ वृक्ष आ रहे हों।

● *हेमन्त कुमार, गोराडीह, बिहार*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## आपदा की मार

इस बार पटना में भारी बारिश से कई घर पांच-छह फीट तक पानी में डूब गए। लगभग पूरे शहर का यही हाल था। इस बार बिहार में बारिश और बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष मानसून के दौरान हुई बारिश और बाढ़ से करीब दो हजार लोगों की मौत हुई और छियालीस लोग लापता है। बिहार में अब भी बाढ़ के हालात हैं। अभी बिहार में चुनाव नहीं है, इसलिए सरकार को भय भी नहीं अपनी सत्ता के खोने का। यदि चुनाव होते तो भय भी होता और तब सरकार सत्ता बचाने के लिए विचार-विमर्श जरूर करती।

● *अनुज यादव, दिल्ली विवि*

## कुदरत का कहर

देश में अगस्त और सिंतबर के महीने कुदरत ने हर राज्य में अपना कहर दिखाया, चाहे पंजाब हो, बिहार हो या कोई भी अन्य राज्य, सब पर आपदा ने अपना कहर बरपाया। इससे बड़े पैमाने पर फसलें तबाह हो गई और दूसरी तरफ महंगाई भी शीर्ष पर पहुंच गई और इसी आपदा के कारण प्याज भी मंहगा हो गया। परंतु सरकार ने वक्त रहते कदम नहीं उठाए, इसी के कारण देश को निर्यात तक रोकना पड़ा। सरकार चाहती तो इस पर पहले कदम उठा सकती थी। जो व्यापारी इस प्रकार के समय में कम दाम में चीजें खरीद कर महंगे में बेचते हैं, सरकार को ऐसे समय में इस पर रोक लगानी चाहिए क्योंकि इसी के कारण असल महंगाई शुरू होती है। दूसरा, किसी भी आपदा से बचने के लिए सरकार के पास ठोस व कारगर समाधान होने चाहिए ताकि इस प्रकार के समय में न ही किसानों को तंगी हो और न ही आमजन को और न ही हमारी अर्थव्यवस्था पर कोई असर पड़े क्योकि इस आपदा और प्याज की कमी के कारण भारत ने इस का निर्यात रोक दिया और भारत में ही सबसे अधिक प्याज की फसल उगाई जाती है जिससे निसंदेह हमारे देश को घाटा हुआ है।

● *जानवी बिट्ठल, जलंधर*

## बेटों की तस्करी!

दिल्ली की एक आइवीएफ क्लीनिक पर छापा क्या पड़ा, देश का क्रूर चेहरा सामने आ गया। दिन के उजाले में सरकार की नाक के नीचे बेटों की तस्करी का धंधा फलता-फूलता रहा। भारत में भ्रूण परीक्षण कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है। लिहाजा क्लिनिक के कॉल सेंटर ने गुपचुप भ्रूण परीक्षण की सुपारी ली और बदले में दिए दुबई के टिकट। ऑनलाइन साइट से खुल्लम-खुल्ला लुका-छिपी का खेल खेला गया और किसी को भनक तक नहीं लगी। निश्चित रूप से बेटों की चाहत में गैरकानूनी और महंगे धंधे में देश के धनाढ्य लोगों का हाथ होना तय है। इस देश में अपराधियों का एनकाउंटर तो हो जाता है, मगर सफेदपोशों की पहचान तक मुमकिन नहीं होती। ऐसे गोरखधंधे में शामिल अस्पतालों और लाभार्थियों की तुरंत धर-पकड़ की जानी चाहिए, ताकि बेटियों के साथ होते अन्याय पर अंकुश लग सके।

● *एमके मिश्रा, रातू*

## इंटीरियर डिजाइनर के जरूरी है फर्नीचर डिजाइनिंग की जानकारी



इंटीरियर डिजाइनर बिना फर्नीचर डिजाइन की जानकारी काम नहीं कर सकता है। दूसरी ओर, फर्नीचर डिजाइनर आराम से इंटीरियर डिजाइनर के रूप में काम कर सकता है। फर्नीचर डिजाइनर को डोर फ्रेम, अलमारियां, मिश्रित मोल्डिंग, ट्रिम आदि बनाना आना चाहिए। फर्नीचर डिजाइनर घर के हर कोने के हिसाब से नए तरह का फर्नीचर डिजाइन कर सकता है जिससे घर में चार चांद लग जाते हैं।

## सूचनापट्ट

### दाखिले

*इग्नू, दिल्ली*

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के आयुर्विज्ञान स्कूल के तहत चलने वाले बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे। यह परीक्षा 9 नवंबर को होगी। इसके लिए आवेदन और शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। प्रवेश विवरणिका इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है। क्षेत्रीय कार्यालयों से भी इसे खरीदा जा सकता है।

**अंतिम तिथि : 10 अक्तूबर, 2019**

*मद्रास विवि, चेन्नई*

मद्रास विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन विभाग ने एमएल डिग्री पाठ्यक्रम दाखिले के लिए आवेदन मांगे हैं। गैर सेमेस्टर पाठ्यक्रम की पढ़ाई सिर्फ अंग्रेजी माध्यम में कराई जाएगी। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए तीन या पांच साल की एलएलबी की डिग्री होना अनिवार्य है। आवेदन फॉर्म डाक के माध्यम से मंगाए या विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउननोड किया जा सकता है। डाक से आवेदन फॉर्म मंगाने के लिए 250 रुपए का मांग पत्र, जो विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के नाम पर हो, भेजना होगा।

**अंतिम तिथि : 15 अक्तूबर, 2019**

### प्रवेश परीक्षा

*जेईई-मेन*

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मेन) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। जेईई-मेन 6 से 11 जनवरी 2020 के बीच होगी। परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) कराती है। बीटेक और बीई के लिए परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। बीआर्क पाठ्यक्रम में तीन पेपर होंगे। पहला पेपर गणित और दूसरा पेपर एप्टीट्यूट का कंप्यूटर आधारित होगा जबकि तीसरा पेपर ड्राइंग का होगा जो कलम-कागज आधारित होगा। बी प्लानिंग के लिए होने वाले तीनों पेपर कंप्यूटर आधारित ही होंगे। किसी एक पाठ्यक्रम में दाखिले की परीक्षा के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्लूएस उम्मीदवारों को 650 रुपए और एससी, एसटी, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को 325 रुपए को ऑनलाइन भुगतान करना होगा। किन्हीं दो पाठ्यक्रमों में दाखिले के परीक्षा के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्लूएस उम्मीदवारों को 1300 रुपए और एससी, एसटी, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को 650 रुपए को ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

**अंतिम तिथि : 10 अक्तूबर, 2019**

### योग्यता परीक्षा

*सीएसआइआर-यूजीसी नेट*

कनिष्ठ शोधार्थियों (जेआरएफ) और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर बनने के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर)- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (नेट) का आयोजन 15 दिसंबर को होगा। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) कराएगी। दो पालियों में होने वाली इस कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए देश भर में 224 केंद्रों स्थापित किए जाएंगे। आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य और सामान्य ईडब्लूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपए, नॉन क्रीमीलेयर के ओबीसी को 500 रुपए और एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को 250 रुपए का भुगतान करना होगा।

**अंतिम तिथि : 10 अक्तूबर, 2019**

*यूजीसी नेट*

कनिष्ठ शोधार्थियों (जेआरएफ) और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर बनने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (नेट) 2 से 6 दिसंबर तक होगी। परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) कराएगी। दो पालियों में इस कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए देश भर में 224 केंद्रों स्थापित किए जाएंगे। आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य और सामान्य ईडब्लूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपए, नॉन क्रीमीलेयर के ओबीसी को 500 रुपए और एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को 250 रुपए का भुगतान करना होगा।

**अंतिम तिथि : 10 अक्तूबर, 2019**

# थाली में बटोरतीं सेहत

मीना

**ल**हलहाते खेत, खिलखिलाते फूल और भुरभुरी मिट्टी की खुशबू देखकर कोई भी किसान सुकून की सांस लेगा। खेती के लिए जमीन की सेहत बनी रहे इसके लिए आज की महिलाएं जैविक खेती में लगी हैं। कीटनाशक और जहरीले उर्वरकों का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरक क्षमता खत्म होने के डर से एक बार फिर महिलाएं खेती की उसी परंपरा की ओर लौट रही हैं जो उनकी पहले की पीढ़ी करती थी। एक बार फिर हम पत्तों की पत्तल, मिट्टी का कुल्हड़, जौ, बाजरा, मक्का जैसा मोटा अनाज और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत होते हुए सेहतमंद भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। अब महिलाएं हमारी थाली की सेहत बनाए रखने के लिए जैविक खेती में जुटी हैं।

## दादा-परदादा की परंपरा को अपनाया

'आज से पांच साल पहले जब मैंने धान की रोपाई की थी तब जमीन में पानी होने के बाद भी पांव जमीन में नहीं धंसते थे लेकिन जैविक खेती करने के बाद हमारे पांव धंस जाते हैं, अब मेरी जमीन नरम हो गई है।' एक एकड़ जमीन में खेती करने वाली मध्य प्रदेश की सरिता बताती हैं कि अब मेरी जमीन वैसी है जैसी मेरे दादा-परदादा रखते थे। सरिता बताती हैं कि उन्हें जैविक खेती का प्रशिक्षण एक संस्था से मिला। वे बताती हैं कि लोगों को लगता है कि जैविक खेती अधिक महंगी है लेकिन ऐसा नहीं है। अगर हम रासायनिक खेती करते हैं तो उसमें उतना ही खर्च अपनी दवाओं पर करना पड़ता है। इसके अलावा उस खेती के लिए जो रसायन डाले जाते हैं वो भी महंगे होते हैं। तो किसान को कुछ बचता नहीं। ऐसे में जैविक खेती में जो सामग्री प्रयोग की जाती है वह हमारे आसपास के जंगल से मिल जाती है। इस खेती में पांच प्रकार के पत्तों का प्रयोग करते हैं जिससे फसल को जानवर नहीं खाते और पैदावार भी अच्छी होती है। यह खेती हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। वे बताती हैं कि रासायनिक खेती में अगर रसायन थोड़ा ज्यादा हो जाए तो फसल पीली पड़ जाती है लेकिन अगर जैविक खेती में ऐसा होता है तो उससे फसल बरबाद नहीं होती। सरिता कहती हैं कि जैविक खेती की मार्केटिंग उतनी मजबूत नहीं है जितनी रासायनिक खेती की। यही वजह है कि इसके बारे में ज्यादा किसान नहीं जानते।

सरिता बताती हैं कि खेती का ज्यादातर काम जैसे रोपाई, कटाई, बिंदाई आदि महिलाएं करती हैं। लेकिन उनको समाज किसान नहीं मानता। गांव के स्तर पर जो मुखिया माना जाता है वो पुरुष होता है। क्योंकि जिसके नाम पर पट्टा होता है वही किसान माना जाता है। जिन महिलाओं के नाम जमीन होती है वे या तो तो विधवा होती हैं या भाई नहीं रहा तो बहन को दी जाती है। सरकार ने महिलाओं के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री सस्ती रखी है तो गांव में कुछ महिलाओं के नाम पर जमीन है लेकिन ऐसी संख्या बहुत कम है।



महिला किसान

## पीढ़ी को बचाने के लिए जैविक खेती



राजस्थान में कृषि और पशुपालन के काम में लगीं हेमलता रावत कहती हैं कि जैविक खेती करने के लिए पर्यावरण के पूरे तंत्र को शामिल करना पड़ता है। लोग आजकल पशु पालते नहीं हैं। इस वजह से इसका चक्र पूरा चल नहीं पाता। पहले पशुओं से मिले गोबर की खाद बनती थी। फिर वो खेतों में जाती थी। तब उसका उत्पादन होता था। अब पशुपालन से लोग हट गए हैं इस वजह से जैविक खाद उनके पास होती नहीं है। और उसमें मेहनत भी ज्यादा लगती है। इस वजह से लोग इसे कम करना पंसद करते हैं लेकिन जो पीढ़ी आ रही है उसको जब खेती से मुनाफा होता नहीं है तो वे दूसरे कामों की ओर चले जाते हैं।

वे कहती हैं कि अब यह भी देखा जा रहा है कि उच्च वर्ग के लोग स्वास्थ्य के प्रति सचेत हो रहे हैं। वो जैविक खेती से बनी सामग्री को खरीद सकते हैं लेकिन जो गरीब किसान है उसको जैविक खेती में उतना फायदा नहीं मिल पाता इस वजह से रासायनिक खेती करता है, लेकिन जिस दिन किसान जैविक खेती को लेकर जागरुक हो जाएगा, तो वह धीरे-धीरे अपनी पुरानी खेती की व्यवस्था की ओर लौटने लगेंगे। वे कहती हैं कि हमें जैविक खेती की ओर आना पड़ेगा, नहीं तो आने वाली पीढ़ी को और अधिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

## 'पशु चाट' से पशु होते हैं स्वस्थ

बिहार के नवादा की कारी देवी जैविक खेती के लिए बकरी पालन भी करती हैं। वे कहती हैं कि पहले मेरी बकरियां स्वस्थ नहीं रहती थीं लेकिन जैविक खाद्य की वजह से वे अब ठीक रहती हैं। पहले बकरियों को खाना और आवास ठीक नहीं मिलता था लेकिन अब बकरी के मुंह पर सूजन, आंख-नाक से पानी गिरने के लिए हम लोगों ने पशु चाट बनाई है। जिससे वे ठीक रहती हैं। जैविक खेती से जो घास बचती है वही घास बकरियों का खाना बनती है। इससे उनका स्वास्थ्य और भी ठीक रहता है।

## घर पर बनाती हैं खाद



जैविक खेती करने वाली महिलाओं ने उस धारणा को भी तोड़ा है जिसमें यह कहा जाता था कि महिलाएं गणित में कमजोर होती हैं। बिहार के नवादा जिले की रंजू देवी तीन साल से जैविक खेती कर रही हैं। वे बताती हैं कि जैविक खेती के लिए जो खाद बनाई जाती है उसमें मैं सात किलो मुर्गी का मल, दो किलो चुल्हे की राख, एक किलो सरसों की खल्ली डालकर पानी डालती हूं फिर उसको हलुआ की तरह बना लेती हूं। जब उसमें कीड़ा पड़ जाता है तब वह खाद बन जाती है। फिर पौधों की जड़ों पर डाल देते हैं। ये डीएपी का काम करता है। वे बताती हैं कि पढ़े लिखे लोग केवल कॉपी में हिसाब लिखते रह जाते हैं लेकिन अनपढ़ ने अगर कोई हिसाब दिमाग में बैठा लिया तो भूलते नहीं हैं।

वे कहती हैं कि पहले खेतों में डीएपी डालते थे जिससे तरह-तरह की बीमारी फैलती थी। लेकिन जैविक खेती करने पर ऐसा नहीं होता है। रंजू कहती हैं कि जैविक खेती करने से मेरे खेत में तितली, मधुमक्खी आदि भी खूब आते हैं, जिससे मेरे खेतों की खूबसूरती बढ़ गई है।

## इन उपायों को अपनाकर तनाव को भगाएं दूर



परामर्श

**प**ढ़ाई, करिअर से लेकर व्यक्तिगत विकास और परिवार को समय देने से लेकर दफ्तर के काम को सही समय पर पूरा करने तक हमें प्रतिदिन तनाव का शिकार बना रहे हैं। तनाव को कम करने के सही और कारगर तरीके नहीं अपनाने की से यह हमारे ऊपर हावी होता जा रहा है। इसकी वजह से विशेषकर दफ्तर में काम करने वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें आंखों का खिंचाव, अनिद्रा, कमर दर्द आदि शामिल है। आज हम तनाव को दूर भागने के लिए कुछ उपाय बता रहे हैं।

**सांसों पर ध्यान देना :** याद कीजिए आखिरी बार आपने आपनी सांसों पर कब ध्यान दिया था। शायद आपको याद नहीं आएगा क्योंकि आज की भागदौड़ से भरी जिंदगी में हमारे पास इसके लिए समय ही नहीं है। जबकि इस बात को सभी जानते हैं कि सांसें कितनी महत्त्वपूर्ण हैं। इसलिए जब भी आप तनाव में आएं, सबसे पहले लंबी सांस अपने फेफड़ों में भरें और धीरे-धीरे उसे छोड़ें। इस प्रक्रिया के दौरान पूरा ध्यान सांस के नाक में अंदर जाने और बाहर आने पर केंद्रित रखें। आप पाएंगे कि धीरे-धीरे आप तनाव से बाहर आ रहे हैं।

**विचारों को लिखना :** तनाव को दूर करने के लिए काफी लोग लेखन का सहारा लेते हैं। तनाव के समय आपके मन-मस्तिष्क में जो भी चल रहा है, उसे कागज पर उतारने की कोशिश करें। इससे तनाव को कम करने में मदद मिलेगी। बाद में जब भी आप उस कागज को पढ़ेंगे तो पाएंगे कि उस समय तनाव की कोई खास वजह नहीं थी। यानी उस स्थिति में बिना तनाव लिए भी काम किया जा सकता था।

**व्यायाम :** व्यायाम एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हम न सिर्फ अपनी ऊर्जा को अपने स्वास्थ्य को बेहतर करने में उपयोग करते हैं बल्कि इससे हम तनाव से भी ध्यान हटा पाते हैं। व्यायाम करते समय शरीर कई प्रकार के हार्मोन का रिसाव करता है जो प्राकृतिक रूप से दर्दनिवारक होते हैं। इतना ही नहीं व्यायाम से अनिद्रा जैसी स्थिति से भी छुटकारा मिल जाता है।

**ध्यान करना :** हमारे मस्तिष्क से ही हमें तनाव होता है। ध्यान से मस्तिष्क को शांत किया जा सकता है। आप कहीं भी ध्यान कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ समय के लिए आंखें बंद करके अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इसके अलावा मोबाइल ऐप का भी सहारा लिया जा सकता है।

**सुबह की दिनचर्या को सरल बनाएं :** दिन की शुरुआत का असर पूरे दिन रहता है। इसलिए सुबह की दिनचर्या को जितना सरल बना सकते हैं, बनाएं। कोशिश करें कि सुबह कोई बैठक या ऐसे काम नहीं करें जिससे तनाव होने या बढ़ने की आशंका हो। सुबह शुरू हुआ तनाव पूरे दिन परेशान करता है।

**परिवार के लिए समय निकालें :** अकसर लोग तनाव की स्थिति में अपने परिवार से ही दूर भागने लगते हैं। यह सही नहीं है। परिवार के लोग ही हैं जो हमें हर स्थिति में संभालने के लिए आगे आते हैं। इसलिए परिवार के लिए जरूर समय निकालें। उनके साथ बाहर घूमने जाएं। कुछ मौज-मस्ती करें। इस तरह से तनाव खुद-ब-खुद भाग जाएगा।

युवा शक्ति डेस्क

# फर्नीचर डिजाइनिंग में भी बेहतर मौके

सुशील राघव

**फ**र्नीचर उद्योग में वृद्धि अन्य उद्योगों से ज्यादा है और यह 15 फीसद से भी अधिक है। फर्नीचर उद्योग अपने उत्पाद का एक बड़ा हिस्सा निर्यात करता है। यही वजह है कि बढ़ई कौशल या फर्नीचर डिजाइनर की मांग अच्छी है। इतना ही नहीं भारत में तेज गति से होता विकास और बड़ी संख्या में बनते घर और दफ्तर भी फर्नीचर डिजाइनरों के लिए बेहतर मौका लेकर आए हैं। इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की बहुत कमी रही है लेकिन अब कुछ नए पाठ्यक्रमों के आने से धीरे-धीरे प्रशिक्षितों की संख्या बढ़ी है। फर्नीचर डिजाइन के पाठ्यक्रम को करने के बाद व्यक्ति प्रबंधन स्तर तक की नौकरी भी पा सकता है। इतना ही नहीं इस पाठ्यक्रम के बाद अपना व्यवसाय भी शुरू किया जा सकता है।

### योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय से बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को इंटीरियर या फर्नीचर डिजाइन के बीडेस या बीवोक पाठ्यक्रम में दाखिला मिल सकता है। इतना ही नहीं बीवोक में कक्षा दस के बाद डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थियों को भी दाखिला दिया जाता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम यानी एमवोक या एमडेस करने के लिए विद्यार्थी के पास संबंधित विषय में स्नातक डिग्री का होना जरूरी है।

### पाठ्यक्रम

- बीडेस (इंटीरियर डिजाइन)
- बीडेस (इंटीरियर डिजाइन एंड फर्नीचर डिजाइन)
- बीवोक (बढ़ई कौशल)
- बीवोक (फर्नीचर डिजाइन)
- बीवोक (इंटीरियर डिजाइन)
- एमडेस (इंटीरियर डिजाइन)
- एमवोक (बढ़ई कौशल)
- एमवोक (इंटीरियर डिजाइन)
- एमवोक (फर्नीचर डिजाइन)
- बीएससी (इंटीरियर डिजाइन)
- सर्टिफिकेट (वुडन फर्नीचर डिजाइन)

### आवश्यक कौशल

- रचनात्मक और व्यावहारिक कौशल
- उत्कृष्ट ड्राइंग कौशल
- कंप्यूटर डिजाइन सॉफ्टवेयर की जानकारी
- प्रस्तुति कौशल



अवसर

### इन पदों पर मिलेगी नौकरी

**फर्नीचर डिजाइनर :** छोटी जगह में बनते घरों और दफ्तरों की वजह से फर्नीचर डिजाइनरों की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। लोगों की ओर से लगातार ऐसे फर्नीचर की मांग बढ़ रही है जिससे एक साथ कई कार्यों को पूरा किया जा सकता हो। जैसे जरूरत पड़ने पर किसी सोफे का बेड बनाया जा सके और फिर से सोफा बना दिया जाए। ऐसे अलग तरह के फर्नीचर बनाने का कार्य फर्नीचर डिजाइनरों का होता है।

**उत्पाद अन्वेषक :** फर्नीचर के लिए नई सामग्री को कैसे इस्तेमाल में लाया जा सकता है? कैसे फर्नीचर को अधिक दिनों तक चलने वाला बनाया जा सकता है और कैसे उन्हें अत्याधिक किया जा सकता है? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब सिर्फ उत्पाद अन्वेषक के पास हो सकता है। फर्नीचर बाजार में इनकी बहुत आवश्यकता है।

**फर्नीचर संरक्षक :** प्राचीन समय के फर्नीचर को संरक्षित करने के लिए फर्नीचर संरक्षकों की जरूरत होती है। ये अपने ज्ञान, नई तकनीक और कौशल के माध्यम से पुराने फर्नीचर को न सिर्फ संरक्षित करते हैं बल्कि उसे उपयोग करने लायक भी बनाते हैं। संग्रहालयों, विश्वविद्यालयों आदि में इस पद पर नियुक्ति मिलती है। यहां वे पुराने फर्नीचर को संरक्षित करते हैं।

### वेतन

फर्नीचर डिजाइनर को शुरुआती तौर पर 15 से 20 हजार रुपए महीने मिल सकते हैं। अनुभव बढ़ने के साथ ही फर्नीचर डिजाइनर का वेतन भी बढ़ता जाता है और यह 40 हजार से लेकर एक लाख रुपए महीने तक भी हो सकता है। फर्नीचर बनाने वाली निजी कंपनियां अच्छा वेतन देती हैं। अपना व्यवसाय कर लाखों कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- वाईएमसीए, दिल्ली
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
- भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर
- एनआइआइटी स्कूल ऑफ फैशन डिजाइन एंड इंटीरियर डिजाइन, बंगलुरु
- एपीजे डिजाइन संस्थान, दिल्ली
- राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अमदाबाद
- एमआइटी डिजान संस्थान, पुणे

### बढ़ई कौशल में भी पीएचडी

हमारे देश में बढ़ई के पेशे को वो आयाम नहीं मिला है, जिसका वो हकदार है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय कौशल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी ने बढ़ई कौशल में पीएचडी कराने की शुरुआत की है। बीएसडीयू के कुलपति डॉक्टर सुरजीत सिंह पाबला के मुताबिक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते दायरे, लोगों की बढ़ती जीवन शैली और बढ़ई कौशल में कुछ नया हासिल करने कि कोशिश देश को नई उचाइयों तक ले लाएंगे। उन्होंने बताया कि उनके यहां से उम्मीदवार बीवोक, एमवोक के बाद पीएचडी पाठ्यक्रम भी कर सकता है। इस पाठ्यक्रम की वजह से बढ़ई कौशल से लेकर फर्नीचर डिजाइनिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

# आइएनएक्स मीडिया मामला : ईडी के सामने पेश हुए कार्ति चिदंबरम

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर (भाषा)।



माना जा रहा है कि एजंसी ने मामले में ताजा घटनाक्रम पर ही कार्ति से पूछताछ की होगी। सीबीआइ ने 2007 में दूसरे देशों से करोड़ों रुपये का कोष प्राप्त करने के लिए विदेशी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एफआइपीबी) से मंजूरी दिलाने में अनियमितता बरतने के आरोप 15 मई 2017 को मामला दर्ज किया था।

आइएनएक्स मीडिया-धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम बुधवार को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे और तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से कांग्रेस के सांसद कार्ति को मामले में ताजा पूछताछ के लिए समन किया गया था।

कार्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पेश हुए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि यह दशहरे पर जांचकर्ताओं को 'हैलो' बोलने आए थे। कार्ति से पहले भी कई बार इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

सीबीआइ ने इसी मामले में उनके पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को गिरफ्तार किया था। ऐसा माना जा रहा है कि एजंसी ने मामले में ताजा घटनाक्रम पर ही कार्ति से पूछताछ की होगी।

सीबीआइ ने 2007 में दूसरे देशों से करोड़ों रुपये का कोष प्राप्त करने के लिए विदेशी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एफआइपीबी) से मंजूरी दिलाने में अनियमितता बरतने के आरोप 15 मई 2017 को मामला दर्ज किया था। मामले में ईडी ने पिछले साल भारत, ब्रिटेन और स्पेन में कार्ति की 54 करोड़ रुपए की संपत्ति भी कुर्क की थी।

## सुप्रीम कोर्ट करेगा इस सवाल पर विचार

# क्या दूसरे राज्य को सौंपी जा सकती है यौन उत्पीड़न की आंतरिक जांच

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 अक्तूबर।

सुप्रीम कोर्ट इस सवाल पर विचार करने के लिए तैयार हो गया है कि क्या हाई कोर्ट आंतरिक शिकायत समिति के पास यौन उत्पीड़न के आरोपों की लंबित जांच और इस घटना के बारे में पुलिस में दर्ज प्राथमिकी किसी अन्य राज्य को स्थानांतरित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने इस सवाल पर विचार के लिए तमिलनाडु सरकार और अन्य विभागों व इससे संबंधित दूसरे लोगों को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी के पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ आइपीएस अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों (महिला पुलिस अधिकारी और अन्य) को नोटिस जारी किए। भारतीय पुलिस सेवा के इस अधिकारी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और समाधान) कानून, 2013 के तहत आंतरिक शिकायत समिति द्वारा की जा रही जांच और वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी निष्पक्ष, स्वतंत्र और पक्षपात रहित जांच के लिए सारे मामले को तेलंगाना स्थानांतरित करने के मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

पीठ ने आदेश में कहा कि यौन उत्पीड़न की शिकायत की जांच की कार्यवाही और प्राथमिकी की जांच स्थानांतरित करने के हाई कोर्ट के अधिकार के मुद्दे पर (महिला पुलिस अधिकारी और अन्य को) नोटिस जारी किया जाता है। शीर्ष अदालत ने सारा मामला तेलंगाना स्थानांतरित करने के हाई कोर्ट के 28 अगस्त के आदेश पर रोक लगा दी है। पीठ इस मामले में अगले हफ्ते सुनवाई करेगी।

इस मामले में तमिलनाडु में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात 44 वर्षीय महिला अधिकारी ने पिछले साल अगस्त में चेन्नई में तैनात वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। शिकायत की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई थी। बाद में महिला अधिकारी ने आइपीएस अधिकारी के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। हाई कोर्ट के खंडपीठ ने आइपीएस अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के बाद आंतरिक शिकायत समिति की जांच और प्राथमिकी तेलंगाना में स्थानांतरित कर दी थी।

# दंपति का वैवाहिक रिश्ता खत्म किया अदालत ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 अक्तूबर।

सुप्रीम कोर्ट ने 22 साल से एक दूसरे से अलग रह रहे दंपति के वैवाहिक संबंधों को खत्म कर दिया। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रदत्त विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें वैवाहिक रिश्ते जुड़ नहीं सकते हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि इस रिश्ते को बनाए रखने और संबंधित पक्षों में फिर से मेल मिलाप के सारे प्रयास विफल रहे हैं।

पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि अब इस दंपति के बीच रिश्ते जुड़ने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि वे पिछले 22 साल से अलग-अलग रह रहे हैं। अब उनके लिए एक साथ रहना संभव नहीं होगा। अदालत ने प्रतिवादी पत्नी को भरणपोषण के लिए एक मुश्त राशि के भुगतान की भी बात कही। अदालत ने हाल में एक फैसले में पत्नी की इस दलील को अस्वीकार कर दिया था कि दोनों पक्षों की सहमति के बगैर अनुच्छेद 142 में प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करके भी विवाह इस आधार पर खत्म नहीं किया जा सकता कि अब इसे बचा कर रखने की कोई गुंजाइश नहीं है। पीठ ने कहा कि यदि दोनों ही पक्ष स्थायी रूप से अलग-अलग रहने या तलाक के लिए सहमति देने पर राजी होते हैं तो ऐसे मामले में निश्चित ही दोनों पक्ष परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिए सक्षम अदालत में याचिका दायर कर सकते हैं।

# समुद्री तूफान पर रहेगी 'जेमिनी' की निगाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 अक्तूबर।

समुद्री तूफान की अब वक्त से पहले सटीक जानकारी मिलेगी। देश के वैज्ञानिकों ने पथ प्रदर्शन और सूचना के लिए गगन इनेबल्ड मेरिनर इंस्ट्रूमेंट (जेमिनी) तैयार किया है। बुधवार को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने यह उपकरण देश के लिए जारी किया। इसकी मदद से सुनामी, समुद्री तूफान, तेज लहरों की सूचना और तेज हवाओं की सटीक सूचना समुद्र से सटे राज्यों को दी जा सकेंगी। उपकरण को मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बंगलुरु में तैयार किया गया है।

डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि यह उपकरण सीधे सैटेलाइट से जुड़ा हुआ है। इसका सबसे अधिक लाभ केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों को होगा। इसकी मदद से मछली पालन के लिए संभावित जगहों की जानकारियां भी उपलब्ध होंगी। आम जनता के लिए ये जानकारियां स्थानीय भाषा में उपलब्ध होंगी ताकि उन्हें किसी भी चेतावनी को समझने में कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि देश के अत्याधुनिक तंत्र की तारीफ हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भी की है।

मंत्रालय के मुताबिक किसी भी समुद्री तूफान के समय में चेतावनी जारी की जाती है। तट से 10-12 किलोमीटर दूर चले जाने की स्थिति में उन्हें जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है। ये मछुआरे 50 समुद्री मील और कई बार मछलियां पकड़ने के लिए 300 समुद्री मील तक जाते हैं। इन्हें संदेश प्रसारित करने में बाधाएं आती है। सैटेलाइट सिस्टम से जुड़ जाने के बाद इनके पास समुद्र में चल रही सभी हलचलों की जानकारियां उपलब्ध रहेंगी।

मंत्रालय जीपीएस एडेड जियो औग्मेंटेड नेविगेशन (गगन) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) की मदद लेगा। गगन प्रणाली में तीन जियो सिंक्रोनस उपग्रह (जीसेट 8, जीसेट 10 और जीसेट 15) शामिल है। गगन फुट प्रिंट में पूरे हिंद महासागर को चौबीस घंटे कवर किया गया है।

**टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

TATA

पंजीकृत कार्यालय : 11वीं मंजिल, टॉवर-ए 1101 पेनिनसुला बिजिनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 (भारत)
शाखा पता : टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, 7वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, झण्डेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**
**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के तहत)**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

**ऋण खाता सं. 8450995 तथा 7000430106 एवं 7000543711**
**श्री बायोकेमिकल इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड**

निम्नलिखित ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता को व्यक्तिगत रूप से तथा जनसामान्य को सार्वजनिक रूप से एतद्वारा सूचना दी जाती है कि टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (प्रतिभूत लेनदार) के पास गिरवीकृत नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकारी द्वारा कर लिया गया है, 1. श्री बायोकेमिकल इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जीएफ004, सीयर्स टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 2. प्रकाश फूलचन्द छाबड़ा, 1203, कार्लटन टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 3. लॉर्डसन्स एग्रो ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, जीएफ004, सीयर्स टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 4. नेट इण्डिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय स्थान यूनिट नं. 003, सीयर्स टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 5. युक्ति छाबड़ा, 1203, कार्लटन टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 6. अंजली प्रकाश छाबड़ा पत्नी प्रकाश छाबड़ा, 1404, मेनारा टॉवर, ओमेक्स हाइट्स, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, 7. वर्तिका खत्री, सी-21 के रोड, महानगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश साथ ही फ्लैट सं. 905, 9वीं मंजिल, एल्डोरा-2, अपोलो डी.बी. सिटी, निपनिया, इन्दौर, मध्य प्रदेश, 8. देवेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र जवाहर लाल वर्मा, 448/133, आशापुरम कॉलोनी, निकट मंजू टंडन नर्सिंग होम, ठाकुरगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003, 9. तन्नू कोहली पत्नी चमन कोहली, एल-88, सेक्टर-डी, एल.डी.ए. कॉलोनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226012 से 19 जुलाई, 2019 तक कुल राशि रु. 1,24,00,349.31/- (रुपये एक करोड़ चौबीस लाख तीन सौ उनचास एवं इकतीस पैसे मात्र) की वसूली हेतु ''जैसे है जहाँ है'', ''जो है वही है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर 11 नवम्बर, 2019 को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे वर्णित है।

जबकि प्रतिभूत आस्ति का विक्रय प्रतिभूत ऋण की वसूली के लिए किया जाना है और जबकि 19 जुलाई, 2019 तक समस्त लागतों, ब्याज आदि सहित रु. 1,24,00,349.31/- (रुपये एक करोड़ चौबीस लाख तीन सौ उनचास एवं इकतीस पैसे मात्र) की राशि बकाया है। एतद्वारा सूचना दी जाती है कि विक्रय के किसी विलम्बन/अनिरन्तरता के उपस्थित होने पर कथित सम्पत्ति का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से कथित 11 नवम्बर, 2019 को 2 बजे अपराह्न 7वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक-ई, झण्डेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 किया जायेगा। ज.ध.रा. के डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित सम्पत्ति के क्रय हेतु मुहरबन्द ई-नीलामी कथित 9 नवम्बर, 2019 को 5 बजे अपराह्न तक टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा ग्रहण किया जायेगा। सम्पत्ति का विक्रय ''जहाँ है जैसे है'' की स्थिति में किया जायेगा और जहाँ तक सुनिश्चित किया गया है कथित सम्पत्ति से सम्बद्ध दायित्व तथा दावे अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

**प्रतिभूत आस्ति का विवरण**

विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) में स्थित प्लॉट सं. टीसीजी 2/2 तथा टीसीजी 5/5 पर प्रोजेक्ट ओमेक्स हाइट्स के साथ ''एम्पायर एस्टेट टॉवर'' में भूतल पर इकाई सं. 003 और जिसकी सीमा है : पूर्व : खुला आसमान, पश्चिम : खुला आसमान, उत्तर : लिफ्ट तथा लॉबी क्षेत्र, दक्षिण : प्रवेश/प्रवेश गलियारा।

**कब्जे का प्रकार निर्माणात्मक/भौतिक** : भौतिक

**आरक्षित मूल्य (रु.)** : रु. 1,15,00,000/- **धरोहर राशि (रु.)** : रु. 11,50,000/-

सम्पत्ति का विवरण जिसे अनुसूची में विक्रय हेतु रखा जायेगा। यदि उपर्युक्त बकाये की राशि, ब्याज तथा लागतें (विक्रय की लागत सहित) 'अधिकृत प्राधिकारी' को अदा कर दी जाती है अथवा उसकी सन्तुष्टि के लिए प्रमाण दिया जाता है कि ऐसे प्रतिभूत ऋण, ब्याज तथा लागतों की राशि को अदा कर दिया गया है तो विक्रय रोका भी जायेगा। विक्रय में जनसामान्य को अपनी निविदा व्यक्तिगत रूप से जमा करने के लिए आमन्त्रित किया जाता है। इस विक्रय से सम्बन्धित किसी प्रकार का कर्तव्य निर्वहन करने वाला कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति विक्रीत सम्पत्ति के अधिग्रहण या किसी हित के अधिग्रहण के प्रयास हेतु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संविदा नहीं कर सकेगा।

यदि ऋणकर्ता विक्रय की तिथि से पूर्व टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. को बकाये की पूर्ण राशि का भुगतान करता है तो विक्रय रोका जा सकता है। यह विक्रय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों तथा निम्नलिखित शर्तों के अनुरूप किया जायेगा :

ई-नीलामी प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार सहित 11 नवम्बर, 2019 को 2.00 बजे अपराह्न से 3.00 बजे अपराह्न के बीज पोर्टल https://sarfaesi.auctiontiger.net या ऑक्शन टाइगर मोबाइल एप के माध्यम से की जायेगी।

1. यहाँ नीचे अनुसूची में निर्दिष्ट विवरणों को अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण संज्ञान में उल्लिखित किया गया है किन्तु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी या विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। संविदा राशि अथवा संविदाकार के कारण उत्पन्न होने वाले किसी विवाद की स्थिति में इस लॉट को पुनः नीलामी के लिए रखा जायेगा।
2. सम्पत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जायेगा।
3. संविदा की बढ़ोत्तरी राशि रु. 10,000/- होगी।
4. सम्पत्ति के विक्रय हेतु जमा की गयी समस्त संविदाओं के साथ ऊपर लिखे के अनुसार जमा धरोहर राशि दिल्ली में देय ''टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि.'' के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। असफल संविदाकारों को डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।
5. उच्चतम संविदाकार को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित कर दिया जायेगा बशर्ते कि वह संविदा के लिए वैधानिक रूप से पात्र हो और बशर्ते कि उसके द्वारा संविदा की राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से इतना अपर्याप्त हो कि यह ऐसा करने के लिए अपरामर्शनीय हो तो 'अधिकृत प्राधिकारी' का विशेषाधिकार होगा कि वह उच्चतम संविदा की स्वीकृति को मना कर दे।
6. कारणों को अभिलिखित करने हेतु, 'अधिकृत प्राधिकारी' विक्रय को स्थगित/अनिरन्तर करने का विशेषाधिकार रखेगा।
7. सम्पत्ति का निरीक्षण 15 अक्टूबर, 2019 को 11 बजे प्रातः से 5.00 बजे सायं के बीच किया जा सकता है।
8. क्रेता घोषित किये गये व्यक्ति को ऐसी उद्घोषणा के तुरन्त बाद क्रय राशि का पच्चीस प्रतिशत 'अधिकृत प्राधिकारी' के पास जमा करना होगा और इस राशि के जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति को पुनः बिक्री के लिए रखा जायेगा।
9. यदि उपर्युक्त के अनुसार प्रारम्भिक राशि कर दी जाती है तो क्रय राशि की शेष देय राशि क्रेता द्वारा सम्पत्ति के विक्रय की पुष्टि की तिथि के 15वें दिन को या इससे पूर्व 'अधिकृत प्राधिकारी' के पास जमा करनी होगी, यदि उस 15वें दिन रविवार या कोई अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद पहला कार्यालयी दिवस राशि जमा करने का दिन होगा। उपर्युक्त अवधि के भीतर भुगतान न कर पाने की स्थिति में विक्रय की नवीन घोषणा के निर्गमन के पश्चात सम्पत्ति का पुनः विक्रय किया जायेगा और तब तक जमा की गयी सभी राशि को टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. द्वारा जब्त कर लिया जायेगा और दोषी क्रेता सम्पत्ति या उस राशि के किसी भाग के प्रति कोई दावा नहीं कर सकेगा जिसे बाद में बेचा जा सकता है। सम्पत्ति का पुनः विक्रय अधिकृत प्राधिकारी के विशेष अधिकार क्षेत्र में होगा।
10. टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संज्ञान में सम्पत्ति के दायित्व सम्बन्धी कोई ऋणभार : शून्य। सम्पत्ति से सम्बन्धित दावे, यदि कोई हो तथा इसकी प्रकृति एवं मूल्य से सम्बन्धित अन्य कोई दस्तावेज : शून्य। उपर्युक्त के अतिरिक्त कुछ नहीं।
11. ई-नीलामी के विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित संविदाकार सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद, दूरभाष : 07961200520/598/554/587/559/587/538, ई-मेल : Email: delhi@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net, tilak@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
12. नोट : इच्छुक संविदाकार अधिकृत प्राधिकारी अजय पाण्डे, ई-मेल आईडी : Ajay.Pandey@tatacapital.com तथा मोबाइल नं. 9250009963 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
13. विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात https://sarfaesi.auctiontiger.net में प्रावधानित लिंक देखें।

स्थान : लखनऊ
तिथि : 10.10.2019

ह./-
अधिकृत प्राधिकारी,
टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

**कार्यालय वसूली अधिकारी**
**ऋण वसूली अधिकरण-I, दिल्ली**
चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर. सी. सं. 325/16

**बिक्री उद्घोषणा**

**कार्पोरेशन बैंक बनाम मैसर्स जय पॉलीकैम इंडिया लि.**

**बिक्री की उद्घोषणा अन्तर्गत आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) बैंक और वित्तीय संस्थान की ऋण वसूली अधिनियम 1993**

**सीडी 1 मैसर्स जय पॉलीकैम इंडिया लि., (CIN: U72300DL1991PLC044884), पंजीकृत कार्यालय : ए-101, लाजपत नगर- I, नई दिल्ली -110024**
**सीडी 2 श्री सतिंदर सिंह मधोक, डी-97, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024**
**सीडी 3 श्री संदीप सिंह मधोक, डी-97, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली -110024**
**सीडी 4 सुश्री प्रकाश कौर, डी-97, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली -110024**
**सीडी 5 सुश्री हरनीत कौर, डी-97, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली -110024**
**सीडी 6 सुश्री सुमोहिता कौर, डी-97, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली -110024**
**सीडी 7 मैसर्स जसपार्क स्पेशलिटी केमिकल्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय : ए-101, लाजपत नगर- I, नई दिल्ली-110024**
**सीडी 8 मैसर्स सुंदरम सॉफ्टवेयर प्रा. लि., बी-115, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज- I, नई दिल्ली**

1. जहाँ पर पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली अधिकरण- I द्वारा वसूली प्रमाणपत्र सं 325/16, ओए सं 14/16 दिनांकित 31.08.2016 के द्वारा वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार वाद के शुरुआत से रु.** 169,48,47,536.35 **साथ में दिनांक 01-12-2015 से चुकौती की तिथि तक 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार, साथ में खर्च लागत रु. 1,50,000/- बकाया है।**
2. और जहाँ पर अधोहस्ताक्षर ने इस प्रमाणपत्र से संतुष्ट हो कर निम्नलिखितानुसार अनुसूची में संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।
3. और जहाँ पर प्रतिवादी द्वारा **रु. 169,48,47,536.35 साथ में दिनांक 01-12-2015 से चुकौती की तिथि तक 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार, साथ में खर्च लागत रु. 1,50,000/-** प्रमाणपत्र देनदार से वसूल किया जाएगा।
4. सूचित किया जाता है कि स्थगन के किसी आदेश के अभाव मे उक्त सम्पत्ति ई-नीलामी के द्वारा वेबसाईट : **website https://bankeauctions.com** पर **"ऑन लाईन ईलैक्ट्रॉनिक बिडींग" के माध्यम से दिनांक 11.11.2019 को अर्पा. 02.00 बजे से अर्पा. 03.00 बजे तक (अर्पाह्न 03.00 बजे के बाद 5 मिनट प्रत्येक की अवधि के विस्तार के साथ, यदि अपेक्षित है) किया जायेगा।**
5. उपरोक्त नाम के प्रतिवादी की सम्पत्ति की बिक्री निम्नलिखितानुसार सम्पत्ति के लिए संलग्न देनदारियों एवं दावें को जैसा अभी तक निर्धारित किया गया है, वे प्रत्येक लॉट के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।
6. सम्पत्ति बिक्री के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट लॉट पर की जाएगी, यदि सम्पत्ति भाग की बिक्री की राशि संतुष्टि लायक होगी तो शेष के संबंध में बिक्री को तुरन्त समाप्त कर दिया जाएगा। नीलामी समाप्त होने से पूर्व बिक्री समाप्त कर दी जाएगी यदि बिक्री कर रहे अधिकारी के समक्ष प्रमाणपत्र में उल्लिखित बकाया, ब्याज शुल्क (बिक्री लागत सहित) प्रस्तुत करने होंगे अथवा उनकी संतुष्टि के साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि प्रमाणपत्र, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी को भुगतान किए जा चुके हैं।
7. बिक्री से संबंधित कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति निविदा के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सम्पत्ति की बिक्री के लिए बोली, अधिग्रहण अथवा प्रयास नही करेगा।
8. आयकर अधिनियम 1961 के द्वितीय अनुसूची के शर्तों एवं उसके नियमों के तहत तथा निम्न शर्तों के अनुरुप ही बिक्री की जाएगी। बिक्री उद्घोषणा के अनुसूची में उल्लिखित विवरण अधोहस्ताक्षरी के सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दर्शाया गया है परन्तु किसी त्रुटी, गलत बयान अथवा उद्घोषणा में चूक के होने पर अधोहस्ताक्षरी की जवाबदेही नहीं होगी।

8.1 **आरक्षित मूल्य रु. 1038 लाख (रु. दस करोड अड़तीस लाख मात्र) के नीचे सम्पत्ति नही बेची जाएगी और धरोहर राशि (ईएमडी) रु. 104 लाख (रु. एक करोड चार लाख मात्र)**

8.2 **इच्छुक निविदादाताओं को रु. 104 लाख (रु. एक करोड चार लाख मात्र), धरोहर राशि पे आर्डर / डिमांड के रूप में, वसूली अधिकारी- II, डी आर टी- I, दिल्ली, खाता आर सी नं. 325/16 के पक्ष में दिल्ली में देय, दिनांक 08.11.2019 को सायं 03.00 बजे तक धरोहर राशि वसूली अधिकारी- II, डी आर टी- I, दिल्ली के ऑफिस में जमा करनी होगी। उसके उपरान्त प्राप्त धरोहर राशि (ई एम डी) विचारणीय नही होगी। सफल बोलीदाता के लिए उपरोक्त जमा को समायोजित कर दिया जाएगा। असफल बोलीदाताओं को उनकी धरोहर राशि (ई एम डी) ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद वसूली अधिकारी- II, डी आर टी- I, दिल्ली के ऑफिस से वापस कर दी जाएगी।**

8.3 इच्छुक बोलीदाताओं जिन्होंने अपनी बोली (आरक्षित मूल्य से कम नही) साथ में दस्तावेज जैसे की पैन कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण इत्यादि **दिनांक 08.11.2019 को सायं 03.00** से पहले **वसूली अधिकारी- II, डी आर टी- I, दिल्ली के ऑफिस में जमा** कर दी है, ही **दिनांक 11.11.2019 को अर्पाह्न 02.00 बजे से अर्पाह्न 03.00 बजे तक** होने वाली ई-नीलामी में भाग ले सकते है। बोली यदि ई-नीलामी समाप्ति हेतु निर्धारित समय के अंतिम 5 मिनट में प्रस्तुत की जाती है तो उस दशा में ई-नीलामी बंद होने का समय 5 मिनट स्वतः बढ़ जायेगी।

8.4 निविदा राशि जहाँ से बिड राशि को बढ़ाया जाएगा **रु. 1,00,000/- (रु. एक लाख केवल)** निविदा राशि पर अथवा निविदादाता द्वारा किसी विवाद पर लॉट के लिए नीलामी को तुरंत दोबारा प्रारंभ करवाया जाएगा।

8.5 किसी भी लॉट के सर्वोच्च/उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाऐगा बशर्ते की वह बोली लगाने के लिए कानूनन योग्य है एवं उसके द्वारा लगाई गयी बोली आरसित मूल्य से कम नही है। उच्चतम बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के विवेकाधीन होगा, यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्टतः इतना अपर्याप्त हो जिसे प्राप्त करना अनुचित हो।

8.6 सफलतम/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी- II, ऋण वसूली अधिकरण- I, दिल्ली, खाता आर सी न. 325/16 के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा ऑन लाईन निलामी के 24 घण्टे के अंदर तैयार करना होगा और धरोहर राशि को समायोजित करने के पश्चात् यह ऑनलाइन निलामी के बंद होने से तीन दिनों के भीतर रिकवरी अधिकारी के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए, ऐसा ना करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाऐगी।

8.7 सफलतम / उच्चतम बोलीदाता सम्पत्ति बिक्री मूल्य की बकाया 75 प्रतिशत राशि **वसूली अधिकारी- II, डी आर टी- I, दिल्ली, खाता आर सी न. 325/16 के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा** सम्पत्ति की बिक्री की तिथि (उस दिन को छोडकर) से 15वें दिन या उससे पहले **वसूली अधिकारी- I, डी आर टी- I, दिल्ली** के समक्ष जमा करेगा और यदि 15वें दिन रविवार या अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस पर (15 दिन के पश्चात्) ऐसा किया जाऐगा। एवं 2 प्रतिशत रु. 1000/- तक और उसके बाद शेष राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउण्डेज फीस का भुगतान रजिस्ट्रार, ऋण वसूली अधिकरण- I, दिल्ली के पक्ष में जमा करवाना होगा (75 प्रतिशत शेष जमा राशि के मामले में यदि पोस्ट के माध्यम से भेजा जाता है तो उपरोक्तानुसार में वसूली अधिकारी के ऑफिस में पहुँच जाना चाहिए)।

8.8 **यदि निर्धारित अवधि के अन्दर भुगतान नही किया जाता है, तो सम्पत्ति को बिक्री की नई उद्घोषणा के निर्गमन के बाद पुनः बेचा जाऐगा। बिक्री के खर्चों को चुकाने के बाद बची रकम यदि अधोहस्ताक्षरी इसे सही समझता है, तो सरकार के खाते में जब्त कर दी जायेगी तथा दोषी क्रेता सम्पत्ति के या उस राशि के किसी भी भाग जिसके लिए उसे बाद मे बेचा जा सकता है, के दावे जब्त कर लिए जायेंगें।**

9. **सम्पत्ति को "जहाँ है जैसा है आधार" पर बेचा जाएगा**
10. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री प्रास्थगित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

**सम्पत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | अन्य सह मालिकों के नाम के सहित, बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण, जहाँ सम्बन्धित सम्पत्ति डिफाल्टर या जो किसी अन्य व्यक्ति के सह-स्वामित्व में है। | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर राजस्व जिसका मूल्यांकन किया गया है | किसी भी प्रकार के भार का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है | विवाद अगर कोई है जो कि सम्पत्ति के सम्बंध में आगे आया है एवं अन्य कोई ज्ञात विशिष्टियां जोकि इसके मूल्य एवं प्रकृति प्रभाव रखता है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी-115, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज- I, नई दिल्ली में स्थित, क्षेत्रफल 1236.43 वर्ग गज, लीज़ सम्पत्ति बिना अवधि के पट्टे पर है। चौहद्दी : उत्तर में - 80' चौडी रोड, पूरब में - प्लॉट नं. बी-114, दक्षिण में - सर्विस लेन, पश्चिम में - प्लॉट नं. बी-116 | कोई सूचना प्राप्त नहीं | | |

मेरे समक्ष दिनांक 09.10.2019 को मोहर किया गया

हस्ता/- (जितेन्द्र कुमार), वसूली अधिकारी- II, डीआरटी- I, दिल्ली

IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालयः आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन: 011-41732000 / 41792800
वेबसाइट: www.ifciltd.com
CIN : L74899DL1993GOI053677

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आईएफसीआई लांग टर्म इन्फ्रास्ट्रक्चर बाण्ड सीरीज-II, III, IV और V प्रमाणपत्र निवेशकों को प्राप्त नहीं हुए हैं/गुम हो गए हैं:-

| क्र. सं. | धारक का नाम | फोलियो सं. | बांडों की सं. | विकल्प | प्रमाणपत्र सं. | डिस्टिंक्टिव सं. से-तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **इन्फ्रा सीरीज-II (बीटल)** | | | | | | |
| 1 | विनोद पी | 2156988 | 4 | II | 2073013 | 429617 – 429620 |
| 2 | राजालक्ष्मी आर | 2156989 | 4 | II | 2073014 | 429621 – 429624 |
| 3 | राजेंद्र प्रसाद | 2056235 | 4 | II | 2028424 | 254775 – 254778 |
| 4 | गगन दीप नागपाल | 2033852 | 4 | I | 1005299 | 20825 – 20828 |
| 5 | गजानन पी मंजरामकर | 2008232 | 3 | II | 2003489 | 156966 - 156968 |
| **इन्फ्रा सीरीज-III (कार्वी)** | | | | | | |
| 1 | मेजर आशुतोष श्रीवास्तव | INA0006917 | 4 | I | 8146 | 32184-32187 |
| 2 | नाब्येंदु मण्डल | INA0301739 | 4 | III | 301986 | 7779-7782 |
| **इन्फ्रा सीरीज-IV (कार्वी)** | | | | | | |
| 1 | सैयद अमीर हसन रिजवी | INB0017258 | 4 | I | 17258 | 68655-68658 |
| 2 | पी श्रीनिवास राव | INB1020423 | 2 | I | 1020423 | 371894-371895 |
| 3 | शालिनी कुमार नायर | INB0036514 | 4 | I | 36514 | 144643-144646 |
| 4 | तपस कुमार दास | INB0206690 | 4 | III | 206690 | 26277-26280 |
| 5 | श्यामा पदा दत्ता रॉय | INB0045474 | 4 | I | 45474 | 179856-179859 |
| 6 | राम चन्द्रन नान | INB1026125 | 4 | I | 1026125 | 394246-394249 |
| 7 | जितेन्द्र गिरि | INB0004925 | 4 | I | 4925 | 19523-19526 |
| **इन्फ्रा सीरीज-V (कार्वी)** | | | | | | |
| 1 | ललिता सेठी | INC0106551 | 4 | II | 106551 | 25892-25895 |
| 2 | सन्तोष कुमार बिसोवी | INC0021054 | 4 | I | 21054 | 83286-83289 |
| 3 | आर वेणुगोपालन | INC0204261 | 4 | III | 204261 | 16840-16843 |
| 4 | दिलीप विष्णुपंत शिरमते | INC0207406 | 4 | III | 207406 | 29183-29186 |

उपर्युक्त बाण्डों के लिए डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आईएफसीआई लिमिटेड को आवेदन किए गए हैं। ऊपर निर्दिष्ट बाण्ड प्रमाणपत्रों की खरीद अथवा अन्यथा संव्यवहार करने के प्रति सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सचेत किया जाता है। यदि कम्पनी/रजिस्ट्रार एण्ड ट्रांसफर एजेंट्स अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि., नई दिल्ली को सीरीज-II और कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को सीरीज-III, IV और V के लिए इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो बाण्डधारकों को डुप्लिकेट बाण्ड प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे और आईएफसीआई लि. द्वारा तदनुरूपी मूल बाण्ड निरस्त कर दिए जाएंगे।

| मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि. | मैसर्स कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड |
|---|---|
| बीटल हाउस, तीसरा तल, 99 मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062 | कार्वी सेलेनियम टॉवर-बी, प्लॉट नं 31 और 32, गाचीबॉली, फाइनेन्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरलिंगमपल्ली, हैदराबाद-500032 |
| फोन: 011-29961282-83 | फोन: 040-23420818, |

आईएफसीआई लि. के लिए और उसकी ओर से

| मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि. | मैसर्स कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड |
|---|---|
| रजिस्ट्रार एण्ड ट्रांसफर एजेंट्स | रजिस्ट्रार एण्ड ट्रांसफर एजेंट्स |
| ह./- | ह./- |
| प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता | प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता |

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 09.10.2019

**कार्पोरेशन बैंक**
सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक

अंचल कार्यालयः दिल्ली दक्षिण, प्रथम तल, कार्पोरेशन बैंक बिल्डिंग, 1, फैज़ रोड, झण्डेवालान, नई दिल्ली-110005, फोन : 011-28755514 / 28754642, 7042597411
ईमेल : cb8821rec@corpbank.co.in, वेबसाईट : www.corpbank.com

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**धरोहर राशि तथा दस्तावेजों की प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समय : 28.10.2019 को सांय 5.00 बजे तक**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,** आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स को प्रत्याभूत - दाता कॉर्पोरेशन बैंक से - प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 29.10.2019 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

| क्र. स. | शाखा का नाम, पता, फोन नं. और ई-मेल आईडी | ऋणधारक/गारंटर का नाम | सम्पत्ति का विवरण | प्रतिभूति ऋण मांग सूचना की तारीख | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी प्रेषण खाता और IFSC कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रेटर कैलाश- II शाखा, श्री संजीव सिंगला मो. 9868303945, फोनः 011-29210667, 29212059, ईमेलः cb0286@corpbank.co.in | उधारकर्ताः मैसर्स एलएमएस टॉयर कम्पनी गारंटर्सः 1. श्री लवलेश मोहन सिंघला, 2. श्रीमती अनिता सिंघला 3. सौरभ सिंघला, 4. मकुल सिंघला 5. मैसर्स सिंघला पॉलीमर उधारकर्ताः 1. श्री लवलेश मोहन सिंघला, 2. श्रीमती अनिता सिंघला 3. मकुल सिंघला, 4. सौरभ सिंघला | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पूर्ण सम्पत्ति मकान (प्लॉट नं.) 816-पी, सैक्टर-15, पार्ट-2, (सैक्टर 15- II), जिसे अब रिहायशी कॉलोनी अरबन ईस्टेट गुडगाँव कहते है, (हरियाणा) में स्थित, क्षेत्रफल 420 वर्ग मी. (502.32 वर्ग गज), यह सम्पत्ति अनिता सिंघला के नाम पर है। | ₹ 4,74,77,542.50 मांग सूचना दिनांक 05-04-2018 के अनुसार + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि ₹ 1,81,19,869.00 मांग सूचना दिनांक 05-04-2018 के अनुसार + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि | ₹ 605.00 लाख / ₹ 60.50 लाख / ₹ 2.00 लाख | 29-10-2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार | खाता नं. 510101006119068 IFSC कोडः CORP0000286 |

कृप्या विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों के संदर्भ हेतु लिंक देखें : https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/lms_tyre_company_2.pdf और वेबसाईट : www.bankauctions.in देखें।

दिनांकः 09.10.2019, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, कार्पोरेशन बैंक

# संयुक्त राष्ट्र के पास धन की भारी कमी

संयुक्त राष्ट्र, 9 अक्तूबर (एएफपी)।

मानवीय सहायता कार्यों से लेकर निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर अहम फैसले लेने वाली दुनिया की सर्वोच्च संस्था संयुक्त राष्ट्र, जिसका खुद का वार्षिक बजट कई अरब डॉलर का है, वह आज गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और हालत यह है कि उसे अपने कर्मचारियों को इस महीने के वेतन देने में भी मुश्किल हो रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को आगाह किया था कि यह वैश्विक संस्था दशक के सबसे गंभीर घाटे के दौर से गुजर रहा है और अगले महीने की तनख्वाह देने के लिए भी उसके पास पर्याप्त धन नहीं होंगे।

गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र की पांचवी समिति के समक्ष टिप्पणी की, '... संगठन गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। और स्पष्ट करूं तो वह नकदी संकट से गुजर रहा है। स्पष्ट है कि बिना नकद राशि के बजट का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो सकता।' यह समिति संयुक्त राष्ट्र के प्रशासनिक और 2020 के प्रस्तावित बजट से जुड़े मामलों को देखती है।

**संयुक्त राष्ट्र**
महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया था कि संस्था के पास अगले महीने की तनख्वाह देने के लिए भी पर्याप्त धन नहीं होंगे।

गुतारेस ने कहा, '...नवंबर में इतनी राशि भी नहीं होगी कि वेतन का भुगतान किया जा सके।' भारत उन गिने चुने देशों में शामिल है जिसने समय पर अपना पूरा अंशदान संयुक्त राष्ट्र में किया है। इसके उलट भारत का 3.8 करोड़ डॉलर संयुक्त राष्ट्र पर बकाया है। यह संयुक्त राष्ट्र की किसी देश के लिए सबसे अधिक देनदारी है जो मार्च 2019 के शांति अभियानों के लिए दी जानी है।

संयुक्त राष्ट्र में 1.3 अरब अमेरिकी डालर के बकाये भुगतान पर भारत ने गहरी चिंता जताई है।

# मुशर्रफ पर देशद्रोह के मामले में 24 से रोजाना होगी सुनवाई

इस्लामाबाद, 9 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान में मंगलवार को एक विशेष अदालत ने कहा कि पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ के खिलाफ चल रहे देशद्रोह के मामले में रोजाना सुनवाई 24 अक्तूबर से होगी क्योंकि मुशर्रफ के वकील डेंगू से पीड़ित हैं।

न्यायाधीश वकार अहमद सेठ के अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण ने सभी पक्षों को अगली सुनवाई से पहले अपनी दलीलें लिखित में देने का निर्देश दिया है। पीठ ने पिछले महीने 75 वर्षीय मुशर्रफ पर आठ अक्तूबर से रोजाना सुनवाई करने का निर्णय किया था।

लेकिन मुशर्रफ के वकील ने मंगलवार को बीमारी का हवाला देकर सुनवाई दो हफ्ते बाद करने की अर्जी दाखिल की थी। अदालत ने अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि 24 अक्टूबर से रोजाना सुनवाई होगी। पूर्ववर्ती पाकिस्तान मुसलिम लीग- नवाज (पी एम एल-एन) की सरकार ने 2013 में मुशर्रफ पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। उन पर 2007 में असंवैधानिक रूप से देश में आपातकाल लगाने के सिलसिले में मामला दर्ज किया गया था।

# नीदरलैंड के नरेश और महारानी 14 से 18 तक भारत यात्रा पर



वे राष्ट्रपति कोविंद के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं।

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर (भाषा)।

नीदरलैंड के नरेश विलियम एलेक्जेंडर और महारानी मैक्सिमा 14 से 18 अक्तूबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय से जारी एक बयान के अनुसार, 'नीदरलैंड के नरेश विलियम एलेक्जेंडर और महारानी मैक्सिमा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं।'

अपनी भारत यात्रा के दौरान वे नई दिल्ली, मुंबई और केरल जाएंगे। साल 2013 में राजगद्दी संभालने के बाद नीदरलैंड के नरेश विलियम एलेक्जेंडर की यह पहली राजकीय भारत यात्रा होगी। मंत्रालय ने बताया कि भारत आने पर वे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ बैठक करेंगे। साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर भी उनसे मुलाकात करेंगे। नीदरलैंड के नरेश और महारानी के साथ वहां की कैबिनेट का एक शिष्टमंडल भी भारत आ रहा है।

बयान के अनुसार भारत और नीदरलैंड का द्विपक्षीय कारोबार 12.87 अरब डॉलर का है। नीदरलैंड, भारत में पांचवां सबसे बड़ा निवेश करने वाला देश है। साल 2000 से दिसंबर 2017 तक उसने 23 अरब डॉलर का निवेश किया। वहीं नीदरलैंड में भारतीय समुदाय के 2,35,000 लोग रहते हैं। नीदरलैंड के नरेश नई दिल्ली में 25वें प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। इस शिखर सम्मेलन में नीदरलैंड सहयोगी देश है।

# नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस की गिरफ्तारी का आदेश

ढाका, 9 अक्तूबर (भाषा)।

बांग्लादेश की एक श्रम अदालत ने कथित श्रम कानून उल्लंघन मामले में पेश न होने पर नोबेल पुरस्कार विजेता व ग्रामीण बैंक के संस्थापक मुहम्मद यूनुस के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती वारंट जारी किया। 10 जुलाई को ढाका तृतीय श्रम अदालत ने यूनुस और दो अन्य को आदेश दिया था कि वे आठ अक्तूबर को उसके समक्ष पेश हों।

अदालत ग्रामीण बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा 'ग्रामीण कम्युनिकेशंस' के तीन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के मामले में सुनवाई कर रही थी। यूनुस ग्रामीण कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष हैं। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण कम्युनिकेशंस के दो वरिष्ठ अधिकारी अदालत के समक्ष पेश हुए, लेकिन यूनुस पेश नहीं हुए। इस पर अदालत के अध्यक्ष रोहिबुल इस्लाम ने उनके (यूनुस) खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

# लीथियम आयन बैटरी पर काम करने के लिए तीन वैज्ञानिकों को नोबेल

स्टाकहोम, 9 अक्तूबर (एपी)।

तीन वैज्ञानिकों को लीथियम आयन बैटरी के विकास पर काम के लिए बुधवार को रसायनशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने का ऐलान किया गया। इन हल्की और दोबारा चार्ज हो सकने वाली शक्तिशाली बैटरियों का इस्तेमाल अब मोबाइल से लेकर लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक वाहनों आदि सभी में होता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास से जुड़े अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन गुडइनफ, बिंघमटन में स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के एम स्टेनली व्हिटिंघम और जापान के असाही कासेई कॉर्पोरेशन एंड मीजो यूनिवर्सिटी के अकीरा योशिनो को पुरस्कार से नवाजा जाएगा। एकेडमी के महासचिव गोरान हैनसॉन ने कहा कि यह पुरस्कार एक 'रिचार्ज होने वाली दुनिया' को लेकर है।

समिति ने एक बयान में कहा कि लीथियम आयन बैटरियों ने हमारी जिंदगी को बदल दिया है। इन वैज्ञानिकों ने एक बेतार, जीवाश्म ईंधन मुक्त समाज की बुनियाद रखी। नोबेल समिति ने कहा कि लीथियम आयन बैटरी के विकास की शुरूआत 1970 के दशक में तेल संकट के दौरान हुई थी जब व्हिटिंघम ऐसी ऊर्जा तकनीकों पर काम कर रहे थे जो पेट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन से मुक्त हों।

# द्वितीय विश्वयुद्ध के समय का बम फटा

वॉरसॉ, 9 अक्तूबर (एएफपी)।

पोलैंड में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम कुजनिया रकिबोरस्का शहर के पास जंगलों में मंगलवार को फट गया जिससे दो सैनिकों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पोलैंड के रक्षा मंत्री मारियूज बलास्कजैक ने यह जानकारी दी।


**HEXA TRADEX LIMITED**
**CIN - L51101UP2010PLC042382**
**Regd. Office :** A-1, UPSIDC Indl. Area, Nandgaon Road, Kosi Kalan, Distt. Mathura (U.P.)-281403
**Corp. Office :** Jindal Centre,12, Bhikaiji Cama Place, New Delhi- 110066

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2019**

(₹ lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended 30.09.2019 Unaudited | Half year ended 30.09.2019 Unaudited | Year ended 31.03.2019 Audited | Quarter ended 30.09.2018 Unaudited | Quarter ended 30.09.2019 Unaudited | Half year ended 30.09.2019 Unaudited | Year ended 31.03.2019 Audited | Quarter ended 30.09.2018 Unreviewed |
| Total income from operations | 0.56 | 1.65 | 50.51 | 22.80 | 9.36 | 15.96 | 5,557.42 | 27.50 |
| Net profit/(loss) before tax | (59.48) | (105.02) | (199.24) | (62.50) | 33.30 | (1,538.01) | 4,281.72 | (347.82) |
| Net profit/(loss) after tax | (67.97) | (100.84) | (137.55) | (26.18) | 89.27 | (1,078.47) | 4,716.73 | (302.88) |
| Total comprehensive income [Comprising profit/(loss) (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 531.63 | 497.06 | 334.63 | 895.51 | (131.86) | (2,233.07) | 1,277.48 | 638.77 |
| Equity share capital | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 | 1,104.91 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet | | | 24,434.43 | | | | 27,604.80 | |
| Earnings per share (of ₹ 2/- each) | | | | | | | | |
| (1) Basic | (0.12) | (0.18) | (0.25) | (0.04) | 0.16 | (1.95) | 8.54 | (0.55) |
| (2) Diluted | (0.12) | (0.18) | (0.25) | (0.04) | 0.16 | (1.95) | 8.54 | (0.55) |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly/half yearly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/half yearly/annual financial results are available on the websites of the stock exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website, www.hexatradex.com.

**On behalf of Board of Directors of Hexa Tradex Limited**
**Sd-**
**Raj Kamal Aggarwal**
**Director**
**DIN : 00005349**

**Place: New Delhi**
**Date: October 9, 2019**



**FORM G**
**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy
(Insolvency Resolution Process for Corporate Persons Regulations, 2016)
**FOR THE ATTENTION OF THE PROSPECTIVE RESOLUTION APPLICANTS OF M/S. SAVARIA ROLLER FLOUR MILLS PRIVATE LIMITED**

| Sl.No. | RELEVANT PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Corporate Debtor | SAVARIA ROLLER FLOUR MILLS PRIVATE LIMITED |
| 2 | Date Of Incorporation Of Corporate Debtor | 26/02/2004 |
| 3 | Authority Under Which Corporate Debtor Is Incorporated/registered | ROC- Uttar Pradesh, Kanpur |
| 4 | Corporate Identity Number/limited Liability Identification Number Of Corporate Debtor | U15311UP2004PTC028338 |
| 5 | Address Of The Registered Office and Principal Office (if Any) Of Corporate Debtor | Registered Office: 82/8-Jgandhi Gram Kanpur Uttar Pradesh<br>Commercial Office: 82/8-Jgandhi Gram Kanpur Uttar Pradesh |
| 6 | Insolvency Commencement Date of the corporate Debtor | 06/06/2018 (By the Order of Hon'ble NCLT, Allahabad CP. No (IB) 191/ALD/2017 |
| 7 | Date Of Invitation Of Expression Of Interest | 10th October, 2019 |
| 8 | Eligibility For Resolution Applicants Under Section 25(2)(H) Of The Code Available At: | Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com |
| 9 | Norms Of Ineligibility Applicable Under Section 29A Available At : | http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php. Official website of IBBI. Also details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com |
| 10 | Last Date for Receipt Of Expression Of Interest | 26th October, 2019 |
| 11 | Date Of Issue Of Provisional List Of Prospective Resoluton Applicants | 30th October, 2019 |
| 12 | Last Date For Submission Of Objections To Provisional List | 04th November, 2019 |
| 13 | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 06th November, 2019 |
| 14 | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 04th November, 2019 |
| 15 | Manner Of Obtaining Request For Resolution Plan, Evaluation Matrix, Information Memorandum And Further Information | The Resolution professional will share the request for resolution plan/ Evaluation Matrix/ Information Memorandum in electronic form after verification of KYC, capacity to invest, capability to manage and eligibility under section 29A of IBC, 2016 and prequalification criteria, if any approved by COC and after submission of Non-disclosure agreement. Further details can be obtained by sending email at shravan.vishnoi@yahoo.com |
| 16 | Last date for submission of resolution plans | 05th December,2019 |
| 17 | Manner Of Submitting Resolution Plans To Resolution Professional | In electronic form to the email ID mentioned against at serial no. 20. An additional physical copy may also be submitted in a sealed envelope containing duly signed hard copy and soft copy in a pen dive at the address mentioned against at Sl No. 21 so as to reach on or before the last date. |
| 18 | Estimated Date For Submission Of Resolution Plan To The Adjudicating Authority For Approval | 15th December,2019 |
| 19 | Name and Registration Number of Resolution Professional | CS Shravan Kumar Vishnoi<br>IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079 |
| 20 | Name, address and e-mail of the resolution professional, as registered with the board | BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555 |
| 21 | Address and E-mail, to be used for correspondence with the Resolution Professional | BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555 |
| 22 | Further details are available at or with | Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com |
| 23 | Date of Publication of Form G | 10th October, 2019 |

Note: As on the date of issue of this Expression of Interest (EOI), it is 492nd Day from the commencement of the Insolvency Resolution Process of the Corporate Debtor. Under Section 12 of Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 as amended by Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment Act) 2019 dated 16thAugust,2019 where the Insolvency Resolution Process of the Corporate Debtor is pending and has not been completed within 330 days, such Resolution Process shall be completed within a period of 90 days from 16th August, 2019. The period of 90 days shall end on 13th November, 2019. However the application for exclusion of certain time period before the NCLT Allahabad is pending for disposal by the Adjudicating Authority. This is for information the prospective resolution applicants.

Date : 10th October 2019
Place : Lucknow

Sd/-
**SHRAVAN KUMAR VISHNOI**
RESOLUTION PROFESSIONAL
M/s. Savaria Roller Flour Mills Private Limited
IP Registration No.IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**

**अंचल कार्यालय, छठा तल, कॉनेक्ट्स टावर, यूनिट 602 ए, टावर II, एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रैस लाइन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकट, नई दिल्ली-110001, टेली: 011-23218529**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम ८(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों तथा गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी रखी गई नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा किया गया है, की नीचे वर्णित ऋणधारकों तथा गारन्टरों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत क्रेडीटर) के नीचे वर्णित बकाया राशि की वसूली के लिये 24.10.2019 को ''जैसा है जहाँ है'', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि तथा अन्य विवरण नीचे दिये गये हैं।

| क्रम सं. | शाखा, प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क संख्या | ऋणधारक का नाम एवं पता | गारन्टर का नाम एवं पता | नीलामी के लिये रखी गई अचल सम्पत्ति का विवरण | प्रतिभूत क्रेडीटर की जानकारी में अधिभार यदि कोई हों | भौतिक या रचनात्मक कब्जा | ऋणधारक/गारंटर से वसूल की जाने वाली बकाया राशि | आरक्षित मूल्य (रु.)<br>ईएमडी राशि (रु.) | नीलामी की तिथि एवं समय | बोली जमा की अंतिम तिथि | सम्पत्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिसम्पत्ति वसूली शाखा श्री दिवाकर चौधरी फोनः 9971781144 | 1. विनय भंडारी 2. पद्मिनी भंडारी, 3. विनीत भंडारी, अपार्टमेन्ट/फ्लैट नं. 604, ब्लॉक नं. 2, छठा तल, यूनीवर्ल्ड गार्डन, सेक्टर 47, गुड़गाँव (हरियाणा), साथ हीः मकान सं. 603, सेक्टर 7, गुड़गाँव, हरियाणा-122001, साथ हीः बी 264, 2रा तल, रजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 | 1. विनय भंडारी 2. पद्मिनी भंडारी, 3. विनीत भंडारी, अपार्टमेन्ट/फ्लैट नं. 604, ब्लॉक नं. 2, छठा तल, यूनीवर्ल्ड गार्डन, सेक्टर 47, गुड़गाँव (हरियाणा), साथ हीः मकान सं. 603, सेक्टर 7, गुड़गाँव, हरियाणा-122001, साथ हीः बी 264, 2रा तल, रजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 | अपार्टमेन्ट नं. 604, ब्लॉक नं. 2, छठा तल, सुपर एरिया माप 2027 वर्ग फीट, न्यूनीवर्ल्ड गार्डन, सेक्टर-47, गुड़गाँव (हरियाणा) | ज्ञात नहीं | भौतिक | 31.3.2018 को रु. 16373754.10 तथा 1.4.2018 से अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज एवं लागत | रु. 145.00 लाख<br>रु. 14.50 लाख | 24.10.2019 को 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप. तक | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 21.10.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 2. | परिसम्पत्ति वसूली शाखा श्री दिवाकर चौधरी फोनः 9971781144 | मै. पूरणसन्स एलॉयज प्रा.लि. 102-103, अशोका अपार्टमेन्ट्स, कॉमर्सियल कॉम्प्लैक्स, पटेल नगर, नई दिल्ली-1100008 | श्रीमती पूनम भंडारी, एफ.नं. 001, टावर-बी, रहेजा एटलांटिस, सेक्टर-31, गुड़गाँव-122001 | पूरणसन्स एलॉयज प्रा. लि. के नाम में अचल सम्पत्ति, एफ-173, नीमराना II, इंडस्ट्रियल एरिया, नीमराना, जिला अलवर, राजस्थान, माप 1964 वर्ग मीटर। चौहद्दी इस प्रकार हैः उत्तरः प्रवेश/रोड, दक्षिणः सम्पत्ति सं. 160, पूर्वः सम्पत्ति सं. 174, पश्चिमः सम्पत्ति सं. 172 | ज्ञात नहीं | भौतिक | 30.6.2017 को रु. 207278251.26 तथा 1.7.2014 से अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज एवं लागत | रु. 130.00 लाख<br>रु. 13.00 लाख | 24.10.2019 को 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप. तक | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 21.10.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 3. | परिसम्पत्ति वसूली शाखा, ललित मोहन जोशी, 9610447251 | कीप इन टच क्लॉथिंग प्रा.लि., शॉप नं. 3, प्राईमरी स्कूल के निकट, घरोली, मयूर विहार फेज-III, नई दिल्ली-110096, साथ हीः बी-63, सेक्टर-83, नोएडा, उ.प्र.-201301 | श्री अम्बर जोशी, एसवी-01/04, टीएफ यूटोपिया, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>श्री आकाश जोशी, ईएच 1/805, यूटोपिया एल्डेको, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>सुश्री साक्षी आनंद, ईएच 1/805, यूटोपिया एल्डेको, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>सुश्री अनीता जोशी एसवी-01/04, टीएफ यूटोपिया, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301 | 1. श्री अम्बर जोशी के नाम में प्लॉट नं. जी-001 (कार्नर प्लॉट), केन्सिंग्टन पार्क-1, जयपी ग्रीन्स, सेक्टर 133, नोएडा, एरिया 127.93 वर्ग मीटर। उत्तरः रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. जी-002, पूर्वः रोड, पश्चिमः अन्य प्लॉट | डीआरटी लखनऊ में एसए नं. 2018 का 586 लम्बित | भौतिक | 31.1.2016 को रु. 81833143.09 के साथ 1.2.2016 से आगे का ब्याज तथा खर्चे | रु. 70.00 लाख<br>रु. 7.00 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 21.10.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 4. | परिसम्पत्ति वसूली शाखा, ललित मोहन जोशी, 9610447251 | कीप इन टच क्लॉथिंग प्रा.लि., शॉप नं. 3, प्राईमरी स्कूल के निकट, घरोली, मयूर विहार फेज-III, नई दिल्ली-110096, साथ हीः बी-63, सेक्टर-83, नोएडा, उ.प्र.-201301 | श्री अम्बर जोशी, एसवी-01/04, टीएफ यूटोपिया, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>श्री आकाश जोशी, ईएच 1/805, यूटोपिया एल्डेको, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>सुश्री साक्षी आनंद, ईएच 1/805, यूटोपिया एल्डेको, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301<br>सुश्री अनीता जोशी एसवी-01/04, टीएफ यूटोपिया, सेक्टर 93ए, नोएडा, उ.प्र.-201301 | श्री आकाश जोशी के नाम में प्लॉट नं. जी-002 केन्सिंग्टन पार्क-1, जयपी ग्रीन्स, सेक्टर 133, नोएडा, एरिया 127.93 वर्ग मीटर। उत्तरः रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. जी-002, पूर्वः रोड, पश्चिमः अन्य प्लॉट | डीआरटी लखनऊ में एसए नं. 2018 का 586 लम्बित | भौतिक | 31.1.2016 को रु. 81833143.09 के साथ 1.2.2016 से आगे का ब्याज तथा खर्चे | रु. 65.00 लाख<br>रु. 6.50 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 21.10.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 5. | परिसम्पत्ति वसूली शाखा, श्री दिवाकर चौधरी फोनः 9971781144 | मै. जिनेन्द्र स्ट्रिप्स एंड ट्यूब्स प्रा.लि. 26/1, शिवगंगा इंडस्ट्रियल इस्टेट, ग्राम लकेश्वरी, भगवानपुर, रुड़की, उत्तरांचल-247661, साथ हीः ए-21, गली नं. 5, नाला रोड, करावल नगर, दिल्ली | श्री संजय पोद्दार, सुश्री मीनाक्षी पोद्दार, सुश्री कौशल्या देवी पोद्दार, सभीः ए-14, भूतल, पार्क स्ट्रीट, कौशाम्बी, गाजियाबाद, उ.प्र. | सम्पत्ति सं. ए-21, गली नं. 5, नाला रोड, करावल नगर, दिल्ली-110094, माप 980 वर्ग यार्ड्स, चौहद्दीः उत्तरः गत्ता फैक्ट्री, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति, पूर्वः रोड एवं नाला, पश्चिमः अन्य सम्पत्ति | ज्ञात नहीं | भौतिक | 30.4.2013 को रु. 304060483.43 तथा उस पर अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज तथा लागत | रु. 300.00 लाख<br>रु. 30.00 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 22.10.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 6. | रजौरी गार्डन बीरांगना राज 8874142828 संजय भार्गव | श्रीमती रणजीत कौर एवं श्री कँवलदीप सिंह ए-81, 2रा तल, खसरा नं. 617, आशा पार्क, जेल रोड, नई दिल्ली-110018 | श्रीमती रणजीत कौर एवं श्री कँवलदीप सिंह ए-81, 2रा तल, खसरा नं. 617, आशा पार्क, जेल रोड, नई दिल्ली-110018 | ग्राम-तिहाड़, आशा पार्क, जेल रोड, नई दिल्ली-110018 में स्थित ए-81, 2रा तल, बैक साइड, खसरा नं. 617 का भाग, माप 88.00 वर्ग यार्ड्स | ज्ञात नहीं | भौतिक | 30.3.2017 को रु. 50.57 लाख (रुपये पचास लाख सत्तावन हजार मात्र) | रु. 29.49 लाख<br>रु. 3.00 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 17.10.2019 (गुरुवार) को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक |
| 7. | मिड कॉर्पोरेट शाखा- दिल्ली (एस) | मै. ट्रस्टवर्दी प्रॉडक्ट्स प्रा.लि. | श्री राजेश शर्मा एवं अनुभा शर्मा (गारन्टर्स), निवासीः ए-2, 57, नोएडा तथा अनिल गुप्ता (गारन्टर) निवासीः बी-52, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उ.प्र. | फ्लैट नं. 214, 2रा तल, महागुण मैनर, टावर 14, ब्लॉक एफ, प्लॉट नं. 30, सेक्टर 50, नोएडा, जिला गौतम बुध नगर | ज्ञात नहीं | भौतिक कब्जा | 30.9.2015 को रु. 4,40,25,923.80(रुपये चार करोड़ चालिस लाख पच्चीस हजार नौ सौ तैईस एवं पैसे अस्सी मात्र) | रु. 7833000/-<br>रु. 783300/- | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 17.10.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. |
| 8. | पटेल नगर, दिल्ली, श्री प्रेम कुमार, सम्पर्क नं.: 8800607045 | मै. आरएस एण्टरप्राईजेज (प्रॉप्राइटरः श्री रवि गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034 | श्रीमती शिखा गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034<br>श्री हिमांशु गुप्ता, निवासीः 23/ 124-125, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | अचल सम्पत्ति अर्थात आवासीय सम्पत्ति सं. डी-110, तीसरा तल, छत एवं टैरेस के अधिकार के साथ, डी ब्लॉक, पुष्पांजलि एन्क्लेव, दिल्ली- 110054, माप 932 वर्ग फीट (सुपर निर्मित/ कार्पेट एरिया) जो श्रीमती शिखा गोयल के नाम में है। | ज्ञात नहीं | भौतिक कब्जा | 30.4.2018 को रु. 40269842.05 (रुपये चार करोड़ दो लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ बयालिस एवं पैसे पांच मात्र) | रु. 155.00 लाख<br>रु. 15.50 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 17.10.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. |
| 9. | पटेल नगर, दिल्ली, श्री प्रेम कुमार, सम्पर्क नं.: 8800607045 | मै. आरएस एण्टरप्राईजेज (प्रॉप्राइटरः श्री रवि गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034 | श्रीमती शिखा गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034<br>श्री हिमांशु गुप्ता, निवासीः 23/ 124-125, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | दूसरा तल, आकार 9.6 फीट x 10.6 फीट (माप 9.46 वर्ग मीटर लगभग), निर्मित फ्री होल्ड सम्पत्ति म्युनिसिपल नं. 2664 का भाग, गली जटवारा, जेरे फाजिल, नया बाजार, वार्ड नं. III, दिल्ली-110006 में श्री रवि गोयल के नाम में अचल सम्पत्ति प्राईवेट नं. 203 | ज्ञात नहीं | भौतिक कब्जा | 30.4.2018 को रु. 40269842.05 (रुपये चार करोड़ दो लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ बयालिस एवं पैसे पांच मात्र) | रु. 21.49 लाख<br>रु. 2.15 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 17.10.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. |
| 10. | पटेल नगर, दिल्ली, श्री प्रेम कुमार, सम्पर्क नं.: 8800607045 | मै. आरएस एण्टरप्राईजेज (प्रॉप्राइटरः श्री रवि गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034 | श्रीमती शिखा गोयल, निवासीः मकान सं. 34, सुविधा कुंज, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034<br>श्री हिमांशु गुप्ता, निवासीः 23/ 124-125, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | दूसरा तल, आकार 9.6 फीट x 10.6 फीट (माप 9.46 वर्ग मीटर लगभग), निर्मित फ्री होल्ड सम्पत्ति म्युनिसिपल नं. 2664 का भाग, गली जटवारा, जेरे फाजिल, नया बाजार, वार्ड नं. III, दिल्ली-110006 में श्री रवि गोयल के नाम में अचल सम्पत्ति प्राईवेट नं. 202 | ज्ञात नहीं | भौतिक कब्जा | 30.4.2018 को रु. 40269842.05 (रुपये चार करोड़ दो लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ बयालिस एवं पैसे पांच मात्र) | रु. 19.06 लाख<br>रु. 1.90 लाख | 24.10.2019 को 12 बजे अप. से 1.00 बजे अप. | 23.10.2019 को 5.00 बजे अप. तक | 17.10.2019 को 11 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. |

**बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात www.unionbankofindia.co.in में दी गई लिंक देखें।**

**इस सूचना को उपरोक्त तिथि को ई-नीलामी के आयोजन के विषय में उक्त ऋण के ऋणधारक/ कों तथा गारन्टरों के लिये प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) एवं नियम 9 (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत सूचना मानी जाये।**

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 7.10.2019

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, परिसम्पत्ति वसूली शाखा (दिल्ली)

## खबर कोना



विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप मे करतब दिखाते अमेरिका के शेन विसकुस

### फर्राटा धाविका निर्मला चार साल के लिए प्रतिबंधित

मोनाको, 9 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय फर्राटा धाविका निर्मला शेरॉन को 'एथलेटिक्स इंटिग्रिट यूनीट (एआइयू)' ने डोपिंग मामले में चार साल के लिए प्रतिबंधित करने के साथ उनके दो एशियाई चैंपियनशिप खिताब वापस ले लिए। एआइयू ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों के डोपिंग मामले को देखती है। एआइयू ने निर्मला को जून 2018 में घरेलू प्रतियोगिता में स्टेरॉयड ड्रोस्तानोलोन और मेटेनोलोन के इस्तेमाल का दोषी पाया था। इसके बाद सात अक्तूबर को उन्हें प्रतिबंधित किया गया। एआइयू के मुताबिक इस भारतीय एथलीट के खून के नमूनों में गड़बड़ी पाई गई थी। उन्होंने प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया है और मामले की सुनवाई की मांग नहीं की।

### दशकों में पहली बार खुलकर फुटबॉल मैच देख सकेंगी ईरानी महिलाएं

तेहरान, 9 अक्तूबर (एएफपी)।

फीफा से निलंबन की चेतावनी मिलने के बाद दशकों में पहली बार ईरान में महिला फुटबाल प्रेमी गुरुवार को खुलकर कोई फुटबाल मैच देख सकेंगी। ईरान में महिलाओं को स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जाता। 40 साल से मौलवियों का तर्क है कि उन्हें पुरुषप्रधान माहौल और अर्धनग्न पुरुषों को देखने से रोका जाना चाहिए।

### राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निगाहें नीरज पर

रांची, 9 अक्तूबर (भाषा)।

चोट के कारण एक साल बाद वापसी कर रहे स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां गुरुवार से शुरू हो रही 59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे। गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेल और जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने एक साल से किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

### शमी को अब सुझाव की जरूरत नहीं, कुलदीप को पता है वे बाहर क्यों हुए : कोहली

पुणे, 9 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली इस बात से खुश हैं कि टीम के खिलाड़ियों ने 'निस्वार्थ रवैया' अपनाया है और 'उनकी सोच में लचीलापन' है जिससे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के खेल में बदलाव आया और कुलदीप यादव को पता है कि वे टीम से क्यों बाहर हुए हैं। कभी चोटों से परेशान रहने वाले शमी ने सपाट पिच पर धारदार गेंदबाजी की जिससे कप्तान काफी प्रभावित है। कोहली ने दूसरे टैस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां कहा, 'अब (वे) अधिक जिम्मेदारी के साथ खेल रहे हैं। हमें अब कुछ बताने की जरूरत नहीं होती। हमें अब यह कहने की जरूरत नहीं होती आपको हमारे लिए यह स्पैल डालना होगा। जब उन्हें गेंद सौंपी जाती है तब वे मैच की परिस्थिति को अच्छे से समझते हैं।'

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# बोरो, बोरगोहेन क्वार्टर फाइनल में

उलान उदे (रूस), 9 अक्तूबर (भाषा)।

पिछले साल की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) और पहली बार खेल रहीं जमुना बोरो (54 किलो) बुधवार को महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं ।

बोरो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्जीरिया की यूदाद फाउ को हराया जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त बोरगोहेन ने मोरक्को की यूमाया बेल अहबिब को 5-0 से मात दी। बोरो का सामना अब जर्मनी की उर्सुला गोटलोब से होगा जिन्होंने यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता बेलारूस की यूलिया अपानासोविच को 3-2 से शिकस्त दी।

बोरगोहेन की टक्कर छठी वरीयता प्राप्त पोलैंड की कैरोलिना कोजेवस्का से होगी जिसने उजबेकिस्तान की शाखनोजा युनूसोवा को हराया। असम राइफल्स की बोरो ने आक्रामक शुरुआत की। उसने बराबरी के रहे दूसरे और तीसरे राउंड में अच्छे पंच लगाए।

बोरो की मां सब्जी बेचकर गुजारा करती हैं लेकिन उन्होंने इस साल इंडिया ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की। उन्होंने 2015 युवा विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य जीता था। बोरो ने जीत के बाद कहा ,'मैं शुरू में दुविधा में थी लेकिन बाद में मैने उस पर दबाव बना लिया।'



पहले सत्र के आखिरी मुकाबले में बोरगोहेन का सामना अहबिब से था। उन्होंने दूरी बनाकर खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मोरक्को की मुक्केबाज ने कुछ दमदार घूंसे लगाए लेकिन जवाबी हमलों में बोरगोहेन ने बाजी मारी ।

उन्होंने जीत के बाद कहा,'मेरे लिए यह कठिन नहीं था। मैंने अपनी रणनीति के अनुसार खेला और इस लय को बरकरार रखने की उम्मीद है।' भारत के पांच मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके हैं जिनमें छह बार की चैंपियन एमसी मेरीकाम (51 किलो), मंजू रानी (48 किलो), कविता चहल (प्लस 81 किलो) भी शामिल हैं। चहल को सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला है क्योंकि उनके वर्ग में प्रतियोगी कम हैं ।

**बोरगोहेन की टक्कर छठी वरीयता प्राप्त पोलैंड की कैरोलिना कोजेवस्का से होगी जिसने उजबेकिस्तान की शाखनोजा युनूसोवा को हराया। असम राइफल्स की बोरो ने आक्रामक शुरुआत की। उसने बराबरी के रहे दूसरे और तीसरे राउंड में अच्छे पंच लगाए।**



# पूनिया के शानदार प्रदर्शन से भारत की आठ विकेट से जीत

वडोदरा, 9 अक्तूबर (भाषा)।

घायल स्मृति मंधाना की गैर मौजूदगी में अपने पहले ही मैच में छाप छोड़ने वाली प्रिया पूनिया की पारी और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 ओवर में 164 रन ही बनाए। भारत के लिए झूलन गोस्वामी ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि शिखा पांडे, एकता बिष्ट और पूनम यादव को 2-2 विकेट मिले ।



प्रिया पूनिया

भारत ने 41.4 ओवर में जीत पाई। सलामी बल्लेबाज पूनिया ने 124 गेंद में नाबाद 75 रन जबकि जेमिमा रौद्रिगेज ने 65 गेंद में 55 रन की पारी खेली। तीन मैचों की यह शृंखला महिला वनडे चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है । तीन टी20 मैच खेल चुकीं पूनिया को पहला वनडे खेलने का मौका मिला जब स्टार सलामी बल्लेबाज मंधाना को दाहिने टखने में फ्रैक्चर के कारण बाहर होना पड़ा। पूनिया ने आठ चौके लगाए। रौद्रिगेज ने पूनिया के साथ 83 रन जोड़े।

## दो दशक तक खेलने वाली पहली महिला बनी मिताली

वडोदरा, 9 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान मिताली राज 20 साल से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं।



मिताली ने 26 जून 1999 को आयरलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट खेला था। उन्होंने 50 ओवरों के प्रारूप में 20 साल 105 दिन पूरे कर लिए हैं। वे दो दशक तक वनडे क्रिकेट खेलने वाली इकलौती महिला क्रिकेटर हैं। पुरुष क्रिकेटरों में भी 20 साल से अधिक क्रिकेट सिर्फ सचिन तेंदुलकर (22 साल 91 दिन , सनत जयसूर्या (21 साल 184 दिन) और जावेद मियांदाद (20 साल 272 दिन) ने खेला है ।

# हरियाणा, महाराष्ट्र और टीएनसीए को एजीएम में भाग लेने से रोका

पुणे, 9 अक्तूबर (भाषा)।

प्रशासकों की समिति ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए), महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) और हरियाणा क्रिकेट संघ (एचसीए) को संविधान में संशोधन नहीं करने के कारण बीसीसीआइ की सालाना आम बैठक (एजीएम) में भाग लेने से रोक दिया है। यह बैठक 23 अक्तूबर को मुंबई में होने वाली है। इस फैसले का मतलब यह हुआ कि अगर एजीएम में पदाधकारियों के लिए चुनाव होता है तो इन तीनों संघों के पास मतदान का अधिकार नहीं होगा।

सीओए से जुड़े सूत्र ने कहा कि सीओए ने दो प्रदेश इकाइयों को बता दिया है कि वे चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नौ अगस्त 2018 के आदेश के अनुसार अपने संविधान में संशोधन नहीं किया है। सीओए प्रमुख विनोद राय इस समय अमेरिका में हैं जिनसे संपर्क नहीं हो सका। टीएनसीए का प्रतिनिधित्व सचिव एसएस रामास्वामी को करना था जबकि हरियाणा की नुमाइंदगी मृणाल ओझा कर रहे थे। महाराष्ट्र को एजीएम से हटा दिया जाएगा क्योंकि चैरिटी आयुक्त ने क्रिकेट संघ के संशोधित संविधान में विसंगतियां पाई थी। एमसीए अब भी बीसीसीआइ के पूर्व सचिव अजय शिर्के के नियंत्रण में है जिसका प्रतिनिधित्व रियाज बागबान को करना था।

# भारत की निगाहें शृंखला जीतने पर

**मैच का समय**

**सुबह 9:30 से**

पुणे, 9 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय टीम गुरुवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टैस्ट में जीत की लय को कायम रखते हुए शृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी, जबकि दक्षिण अफ्रीका पहले टैस्ट में मिली शर्मनाक हार को भूलकर अस्तित्व बचाने के लिए जूझेगा।

विशाखापत्तनम में पहले टैस्ट में विराट कोहली की टीम ने 203 रन से जीत दर्ज की। लगभग 'परफेक्ट' प्रदर्शन में सुधार की गुंजाइश नहीं रहती लेकिन कोहली हर बार एक नई चुनौती तलाश लेते हैं। भले ही सामना ऐसी टीम से है जो लगातार पांच दिन चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। पुणे के इसी मैदान पर पिछली बार 2017 में स्पिनरों की मददगार पिच पर आस्ट्रेलिया के आफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय बल्लेबाजों की हालत खस्ता कर दी थी। वैसी पिच मिलने की संभावना हालांकि इस बार नहीं है। क्यूरेटर पांडुरंग सालगांवकर यदि उससे मिलती-जुलती पिच बनाते भी हैं तो भारत के पास आर अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में विश्व स्तरीय स्पिनर हैं। फिटनेस समस्या नहीं होने पर भारतीय अंतिम एकादश में बदलाव की उम्मीद कम है। दक्षिण अफ्रीका जरूर सेनुरान मुथुस्वामी और डेन पीट में से एक को बाहर कर सकता है।

**भारत** : विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रिद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, इशांत शर्मा और शुभमन गिल। **दक्षिण अफ्रीका**: फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), तेम्बा बावुमा, थ्युनिस डि ब्रुयिन, क्विंटन डिकाक, डीन एल्गर, जुबैर हमजा, केशव महाराज, एडन मार्कराम, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, एरिक नॉर्टजे, वरनन फिलेंडर, डेन पीट, कागिसो रबादा और रूडी सेकेंड।

# दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ेंगे 40 हजार धावक

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर (भाषा)।

'फिट इंडिया मूवमेंट' का असर 20 अक्तूबर को आयोजित होने वाली एअरटेल दिल्ली हाफ मैराथन पर भी दिखेगा जिसके लिए 40 हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है। हाफ मैराथन के आयोजक प्रोकैम इंटरनेशनल ने बताया कि अगले रविवार को यहां के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम से शुरू होने वाली रेस के विभिन्न वर्गों में 40, 633 लोगों ने पंजीकरण कराया है जो नया कीर्तिमान है। पिछले साल इसमें लगभग 36,000 धावकों ने भाग लिया था।

प्रोकैम की महाप्रबंधक आरती काकतकर ने बुधवार को बताया कि मुख्य रेस हाफ मैराथन में पिछले साल की तुलना में 11 फीसद ज्यादा पंजीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि हाफ मैराथन के लिए 13,115 धावकों ने पंजीकरण कराया है जबकि 'ग्रेट दिल्ली रन' के 16,962 और 10 किलोमीटर की दौड़ के लिए 8,553 धावकों ने पंजीकरण कराया है। इसी तरह बुजुर्गों के लिए होने वाले सीनियर सिटीजन रेस में 1430 जबकि दिव्यांग वर्ग में 573 धावक भाग लेंगे। इस हाफ मैराथन में पुरुष धावकों में सुरेश कुमार पाटील भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे जिन्हें युवा धावक मुरली कुमार गावित और अनीश थापा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। महिला वर्ग में 2017 की कोर्स रेकार्ड धावक (भारतीय महिला) ए सूरिया और 3,000 मीटर स्टीपलचेज की राष्ट्रीय रेकार्ड धारक सुधा सिंह भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। इन दोनों के अलावा पिछले साल की उपविजेता पारुल चौधरी भी भारतीय धावकों में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेंगी।

इस हाफ मैराथन में पुरुष धावकों में सुरेश कुमार पाटील भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे

सुरेश 2011 और 2014 में इस हाफ मैराथन के विजेता रह चुके हैं जबकि मुरली ने इस साल दोहा में हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। लंदन ओलंपिक में तीन पदक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सात पदक जीतने वाली अमेरिकी धाविका कारमेलिटा जेटर को इस मैराथन की ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है।

# तमिलनाडु की लगातार सातवीं जीत में चमके अपराजित

जयपुर, 9 अक्तूबर (भाषा)।

बाबा अपराजित के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर तमिलनाडु ने रेलवे को आठ विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। अपराजित ने 124 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 111 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए।

तमिलनाडु के सात जीत के साथ 28 अंक हैं और नॉकआउट चरण में उसका प्रवेश तय है। गुजरात छह मैचों में छह जीत के साथ दूसरे स्थान पर है।

रेलवे के 50 ओवरों में नौ विकेट पर 200 रन के जवाब में तमिलनाडु ने लक्ष्य 44.1 ओवर में हासिल कर लिया। अपराजित ने हरफनमौला विजय शंकर (72 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 186 रन जोड़े।

इससे पहले रेलवे के लिए मनीष राव ने 85 गेंद में 55 रन बनाए जबकि प्रथम सिंह ने 43 रन की पारी खेली। अन्य मैचों में राजस्थान ने सेना को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि बंगाल ने त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब ने बडौदा को तीन विकेट से हरा दिया।

बल्लेबाजी का आमंत्रण मिलने पर बड़ौदा ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाए। पंजाब ने एक गेंद शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बड़ौदा के लिए विष्णु सोलंकी ने सबसे ज्यादा 54 जबकि युसूफ पठान ने 43 रन बनाए। कौल ने 10 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट चटकाए। मयंक मार्कंडेय को भी दो सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम भी नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही लेकिन अभिषेक शर्मा (38), एसआर लुंबा (33), कप्तान गुरकीरत सिंह (39), अनमोल मल्होत्रा (39) और करण काइला (नाबाद 35) के उपयोगी योगदान से टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। ऋषि अरोथे ने बड़ौदा के लिए सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

*तमिलनाडु* के सात जीत के साथ 28 अंक हैं और नॉकआउट चरण में उसका प्रवेश तय है। गुजरात छह मैचों में छह जीत के साथ दूसरे स्थान पर है।

*राजस्थान* ने सेना को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि बंगाल ने त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया।

*तेज* गेंदबाज सिद्धार्थ कौल की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब ने बडौदा को तीन विकेट से हरा दिया।

NxtGen
Infinite Datacenter
presents
The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS
INDIAN EXPRESS GROUP
HONOURING THE FINEST DISTRICT MAGISTRATES IN INDIA
CALL FOR ENTRIES
The Indian Express announces the second edition of The Indian Express Excellence in Governance Awards. The award celebrates District Magistrates across the nation who have been the agents of progress and change.
AWARD CATEGORIES
• Agriculture
• Border Districts
• Child Development
• Community Involvement
• Education
• Energy
• Entrepreneurship
• Health
• Implementation of Central Schemes
• Inclusive Innovation
• Jammu & Kashmir District
• Left Wing Extremism Districts
• North East Districts
• Skill Development
• Social Welfare
• Technology Implementation
• Water Management
• Women Development
To apply visit eigawards.indianexpress.com
LAST DATE FOR ENTRIES | DECEMBER 31, 2019
The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE
IndianExpress.com/apps twitter.com/IndianExpress facebook.com/IndianExpress

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 326, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।